



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच






वर्ष- 14 अंक - 311 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 23 अगस्त 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर

### हादसा या लापरवाही: निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज गिरा, 17 की मौत, राहत और बचाव कार्य जारी

**आइजोल ( एजेंसी )।** मिजोरम के आईजोल में एक निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई। बताया गया है कि यह हादसा साइरांग इलाके के पास हुआ। पुलिस के मुताबिक, घटना के वक्त इलाके में 35-40 लोग थे। इन सभी लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। घटना आइजोल से 21 किमी दूर सुबह 10 बजे के करीब घटी। यह घटना हादसा या किसी की लापरवाही का नतीजा है इसकी जानकारी नहीं लग पाई है उसकी जांच की जा रही है। अब तक सभी मृतकों का शव निकाला जा चुका है। वहीं, कुछ और लोगों को ढूंढने की कोशिश की जा रही है। पूर्वोत्तर फ्रंटियर रेलवे के सीपीआरओ सब्यसाची ने बताया कि रेलवे अधिकारियों को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है और राहत-बचाव कार्य जारी हैं।

***पीएम मोदी-सीएम जोरामथांगा ने किया ट्वीट:***-इस घटना को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने भी ट्वीट किया। उन्होंने दुर्घटना पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख रुपये मुआवजे का एलान किया। वहीं, घायलों के लिए 50 हजार रुपये की मदद की घोषणा की गई।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन पर लगी शुभकामनाओं की झड़ी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आज उनके जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने दूरभाष पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने सीएम बघेल को स्वस्थ, सुदीर्घ और खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, प्रियंका गांधी सहित प्रदेश भर से मंत्रीगण, विधायक, आयोगों के अध्यक्ष, महापौर सहित स्कूली बच्चों, आम नागरिकों ने भी सीएम भूपेश बघेल को आज उनके जन्म दिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## 10 आरक्षित सीटों के साथ ही कुल 45 सीटों पर है एससी वर्ग का प्रभाव

# सतनाम गुरू पर भाजपा का बड़ा दाँव

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई। सतनाम पंथ के गुरू बालदास को अपने पाले में लाकर भाजपा ने एक बड़ा खेल कर दिया है। गुरू बालदास जब भाजपा में रहे तो कांग्रेस को बड़ी चोंट देते रहे और पिछले चुनाव में जब वे कांग्रेस में चले गए तो भाजपा के दुर्दिन आ गए। अब एक बार फिर गुरू बालदास ने भाजपा का थामन थाम लिया है, ऐसे में पार्टी यह उम्मीद कर रही है कि उसे आगत चुनाव में बड़ा फायदा हो सकता है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने पिछले छत्तीसगढ़ दौरे में प्रादेशिक नेताओं को जो टॉस्क दिया था, गुरू बालदास की भाजपा में वापसी को उसी से जोड़कर देखा जा सकता है। छत्तीसगढ़ में कुल 10 सीटें एससी आरक्षित है। जबकि 35 अन्य ऐसी सीटें हैं, जहां पर सतनाम पंथ नतीजों को प्रभावित रखने की क्षमता रखता है।**



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 13 अगस्त को भरोसे का सम्मेलन करने छत्तीसगढ़ आए थे। उनका यह दौरा उस जांजगीर चाम्पा में हुआ, जो एससी बाहुल्य इलाका है। कांग्रेस ने खरगे के दौरे के बहाने एससी प्रभाव वाली सीटों को साधने की योजना बनाई थी। दरअसल छत्तीसगढ़ में एससी वर्ग के लिए भले ही दस सीटें आरक्षित हैं लेकिन प्रदेश की 45 सीटों पर इनका अच्छा खासा प्रभाव है और एससी वोटर्स चाहें तो किसी भी राजनीतिक दल का समीकरण बिगाड़ सकते हैं। पिछले चुनाव के आंकड़े भी यह बताने के लिए काफी हैं कि कुछ स्थानों पर इन्ही एससी वोटर्स के दम पर बसपा के प्रत्याशी दूसरे और तीसरे नंबर पर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दस एससी सीटों में से सात पर कांग्रेस, दो पर भाजपा और एक पर बसपा के विधायक हैं। यही वजह कि इन सीटों पर अपना कब्जा बरकरार रखने और एससी वोटरों को साधने के लिए कांग्रेस ने हर ब्लाक में जैतखाम बनाने की घोषणा की है।

### मैदानी इलाकों में खासा प्रभाव

एक ओर जहां पहाड़ी इलाकों में जनजातीय लोगों की बहुलता है, वहीं दूसरी ओर मैदानी इलाकों को सतनामी बाहुल्य माना जाता है। छत्तीसगढ़ के 5 संभागों में से 3 संभागों बिलासपुर, रायपुर व दुर्ग में सतनाम पंथ का खासा प्रभाव है। इन संभागों के अलावा कुछ अन्य जिलों में लगभग दस फीसदी आबादी इस वर्ग की है। यही वजह है कि कोई भी राजनीतिक दल इस वर्ग की अनदेखी नहीं कर सकता। इसलिए कांग्रेस सरकार के दो मंत्री इसी समाज को प्रतिनिधित्व करते हैं। दरअसल, कांग्रेस ने खरगे का सम्मेलन जांजगीर चांपा में इसलिए भी करवाया था, क्योंकि यहां की 6 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस का सिर्फ 2 पर ही कब्जा है। बाकी की 2 सीटों पर भाजपा और 2 सीटों पर बसपा के विधायक है। इस बार बसपा को नुकसान होने की अंदेशा है, ऐसे में बसपा के नुकसान से फायदा किसे होगा, इस पर सबकी निगाहें लगी हुई है। इधर, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश के 6 हजार ग्राम पंचायतों में सम्मेलन करने की तैयारी में है। इसके जरिए एससी वर्ग के लिए आरक्षित 10 सीटों के साथ ही 38 अन्य विधानसभा सीटों को भी कवर करने की योजना है। दरअसल, सामान्य की इन सीटों पर भी एसी आबादी 10 फीसदी से ज्यादा है। पिछले दिनों राजधानी में एससी मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में ये निर्णय लिए गए।

### 2013 में निभाई थी अहम भूमिका

गुरू बालदास ने 2013 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए बड़ी अहम् भूमिका निभाई थी। उन्होंने सतनाम संगठन के बैनर तले कई प्रत्याशी उतार दिए थे। इसका असर यह हुआ कांग्रेस के रविन्द्र चौबे, मोहम्मद अकबर समेत कई दिग्गज नेताओं को उस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। इस चुनाव में भाजपा को एससी आरक्षित 10 सीटों में से 9 पर एकतरफा जीत मिली थी। साल 2013 में जब गुरू बालदास को अपनी राजनीतिक ताकत का अहसास हुआ तो उनकी नजदीकियां भारतीय जनता पार्टी के साथ बढ़ गई, लेकिन बीजेपी में उन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ। नतीजा यह हुआ कि साल 2018 में वे कांग्रेस पार्टी में चले गए। बताया जाता है कि कांग्रेस में आने के बाद वे राज्यसभा का टिकट और अपने बेटे गुरु खुशवंत सिंह के लिए पार्टी के अंदर एक सम्मानजनक पद भी चाह रहे थे लेकिन यह दोनों ही नहीं हुआ। वर्तमान में कांग्रेस से नाराजगी ऐसी हुई कि गुरु बालदास ने एक बार फिर बीजेपी का दामन थाम लिया है। लेकिन इस बार भी उन्होंने अपने बेटे खुशवंत के लिए आरंग सीट से विधानसभा चुनाव का टिकट मांगा है। सतनाम बहुल इलाकों में अच्छी पकड़ रखने वाले गुरू बालदास का भाजपा में जाने का दांव कितना सार्थक होता है, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा, लेकिन भाजपा के भीतर इसे बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

### गुरू खुशवंत साहेब की टिकट पक्की!

भाजपा उम्मीदवारों की दूसरी सूची सितम्बर के प्रारम्भ में आने की संभावना है। पार्टी ने 21 उम्मीदवारों के नाम पहले ही घोषित कर दिए थे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक दूसरी सूची में दो दर्जन से ज्यादा नाम हो सकते हैं। इसमें बस्तर, बिलासपुर संभाग की पांच, सरगुजा की सात, रायपुर संभाग की छह और दुर्ग संभाग की दस सीटें शामिल हैं। पूरी उम्मीद है कि इस सूची में मंत्रियों की विधानसभा सीट पर उम्मीदवार घोषित किए जाएंगे। साथ ही हाल ही में भाजपा प्रवेश करने वालों के नाम भी इस सूची में होंगे। सतनाम पंथ के धर्मगुरु बाबा बालदास के बेटे गुरु खुशवंत साहेब ने आरंग विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट के लिए दावेदारी की है। वहीं, बुधवार को नौकरी से इस्तीफा देकर राजनीति में आए आइएएस नीलकंठ टेकाम की टिकट भी पक्की बताई जा रही है। गौरतलब है कि आइएएस नीलकंठ टेकाम ने वीआरएस के लिए आवेदन दिया था, लेकिन सरकार ने स्वीकार नहीं किया। इसके बाद उन्होंने इस्तीफा देकर राजनीति में आने का निर्णय लिया। टेकाम लोकतंत्र की नर्सरी कहे जाने वाली छात्र संघ चुनाव में हिस्सा लेकर कालेज का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह अविभाजित मध्यप्रदेश में खंडवा महिला कॉलेज में प्रोफेसर थे। बाद में डिप्टी कलेक्टर चयनित होकर बस्तर का नाम गौरवान्वित किया। जगदलपुर एसडीएम के पद पर थे। 2008 में आइएएस कैडर आवंटित होने के बाद वह कोंडागांव के कलेक्टर भी रहे।

# Chandrayaan-3: आज इतिहास रचेगा हिन्दुस्तान, जब लैंड करेगा चंद्रयान

बंगलूरू (एजेंसी)। अंतरिक्ष जगत में भारत आज इतिहास रचने जा रहा है। मिशन चंद्रयान-3 बुधवार को चांद पर कदम रखने को तैयार है। इसरो का अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है और विक्रम लैंडर 23 अगस्त की शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा। इसरो के वैज्ञानिकों का दावा है कि विषम परिस्थितियों में भी लैंडिंग सफल रहेगी। अब तक मिशन पूरी तरह से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और सभी की निगाहें सॉफ्ट लैंडिंग पर हैं। अगर यह सफल होता है तो भारत यह कारनामा करने वाला चौथा देश हो जाएगा। अभी तक अमेरिका, सोवियत संघ और रूस ने चांद पर सफल लैंडिंग की है। वहीं चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला दुनिया का इकलौता देश बन जाएगा। ऐसे में लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि क्या वे इस ऐतिहासिक पल का लाइव प्रसारण देख पाएंगे? तो आइए आपको बताते हैं कि इसकी लैंडिंग का सीधा प्रसारण आप कैसे, कब और कहां देख सकते हैं।

### इसरो ने क्या कहा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को कहा कि यह उपलब्धि भारतीय विज्ञान, इंजीनियरिंग,




प्रौद्योगिकी और उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। यह अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की प्रगति का प्रतीक होगी। एजेंसी ने बताया कि मिशन तय समय पर है। सिस्टम की जांच भी नियमित रूप से की जा रही है। इसके साथ ही मिशन की निगरानी कर रहे लोग भी जोश और ऊर्जा से भरे हुए हैं।

### कब होगी लैंडिंग

चंद्रयान-3 बुधवार यानी 23 अगस्त को 'सॉफ्ट लैंडिंग' करेगा। इसे लेकर पूरा देश आशांवित है। उम्मीद भरी नजरें इन लम्हों को लाइव देखना चाहती हैं। ISRO ने बताया है कि चंद्रयान-3 बुधवार को शाम छह बजकर चार मिनट पर चांद पर उतरेगा।

### लैंडिंग मॉड्यूल को उतारने के चरण ऐसे होंगे

- **पहला चरण** : इस चरण में यान की सतह से 30 किमी की दूरी को घटा कर 7.5 किमी पर लाया जाएगा।
- **दूसरा चरण** : इसमें सतह से दूरी 6.8 किमी तक लाई जाएगी। इस चरण तक यान का वेग 350 मीटर प्रति सेकंड रह जाएगा, यानी शुरुआत से करीब साढ़े चार गुना कम।
- **तीसरा चरण** : इसमें यान को चंद्र सतह से महज 800 मीटर की ऊंचाई तक लाया जाएगा। यहां से दो थ्रस्टर इंजन उसे उतारेंगे। इस चरण में यान का वेग शून्य प्रतिशत सेकंड के बेहद करीब पहुंच जाएगा।
- **चौथा चरण** : इस चरण में यान को सतह के 150 मीटर करीब तक लाया जाएगा। इसे वर्टिकल डिसेंट कहते हैं, यानी खड़ी लैंडिंग।
- **पांचवां चरण** : इस चरण में यान में लगे सेंसर और कैमरा से मिल रहे लाइव इनपुट को पहले से स्टोर किए गए रेफ्रेंस डाटा से मिलाया जाएगा। इस डाटा में 3,900 तस्वीरें भी शामिल हैं, जो चंद्रयान 3 के उतरने वाली जगह की हैं। इस तुलना से निर्णय होगा कि चंद्र सतह से ऊपर जहां लैंडर स्थित है, वहां से उसे सीधे सतह पर उतारें तो लैंडिंग सही रहेगी या नहीं। अगर ऐसा लगा कि लैंडिंग की जगह अनुकूल नहीं है, तो वह थोड़ा दाईं ओर या बाईं ओर मुड़ेगा। इस चरण में यान चंद्र सतह के 60 मीटर तक करीब पहुंचाया जाएगा।
- **छठा चरण** : यह लैंडिंग का आखिरी चरण है, इसमें लैंडर को सीधे चंद्र सतह पर उतार दिया जाएगा।

### रोवर और लैंडर के बारे में भी जान लीजिए

- रोवर प्रज्ञान को विक्रम के भीतर रखा गया है। इसे सफल लैंडिंग के बाद चंद्र सतह पर उतारा जाएगा। दो प्रमुख उपकरण हैं, अल्फा पार्टिकल एक्साइट स्पेक्ट्रोमीटर (एपीईएस) और लेजर-इंड्यूस्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोपी (एलआईपीएसई)। दोनों का काम चंद्रमा की सतह पर चीजों को नापना, खनिजों व सामग्री के बारे में जानकारियां मुहैया करवाना होगा।
- लैंडर विक्रम में 4 प्रमुख उपकरण हैं। उपकरणों में रेट्रोरिफ्लेक्टर शामिल है, जो चंद्रमा से धरती के बीच रेंजिंग को अंजाम देगा। सिस्मोग्राफ भूगर्भीय प्रक्रियाओं को समझने में मदद करेगा। रंभा वातावरण में प्लाज्मा का घनत्व नापेगा। चौथा उपकरण चंद्रा सरफेस थर्मोफिजिकल परीक्षण है जो सतह के ऊपरी आवरण रिगोलिथ की तापीय परिचालकता मापेगा।

### इसका सीधा प्रसारण होगा

इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम का सीधा प्रसारण 23 अगस्त 2023 को भारतीय समयानुसार शाम 17:20 बजे शुरू किया जाएगा।

### यहां देख पाएंगे

'सॉफ्ट-लैंडिंग' का सीधा प्रसारण इसरो की वेबसाइट के अलावा ISRO यूट्यूब चैनल, फेसबुक पेज पर होगा। इसके अलावा डीडी नेशनल टीवी चैनल सहित कई मंचों पर यह लाइव देखा जा सकता है।

## बच्चियों की मौत पर हाईकोर्ट सख्त: पूछा अवैध उत्खनन रोकने सरकार क्या कदम उठा रही एफआईआर दर्ज करने के दिए आदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** बिलासपुर के अरपा नदी में डूबकर तीन बच्चियों की मौत हुई थी। मामले में हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव के साथ ही माइनिंग सेक्रेटरी से भी जवाब तलब किया है। कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए शासन को शपथपत्र पेश करने कहा है। कोर्ट ने पूछा है कि अवैध उत्खनन रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि सिर्फ पेनाल्टी से काम नहीं चलेगा। एफआईआर भी दर्ज कराई जाए।


जानकारी के लिए बता दें कि पिछले महीने सेंदरी के पास अरपा नदी में बने रेत के गड्ढों में डूबकर तीन बच्चियों की मौत हो गई थी। इस मामले में शासन ने 12 लाख का मुआवजा देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली है। लोगों में इसे लेकर गुस्सा तो है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर इस मामले को ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है। न तो खनिज विभाग और न ही राजस्व अमला मामले की जांच कर रहा है। हालांकि जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की जा रही है। अब इस मामले को हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है।



पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया था। खनिज विभाग की ओर से मामले में उपसंचालक दिनेश मिश्रा ने जवाब पेश करते हुए कहा कि अवैध उत्खनन और परिवहन के मामले में कुल 655 प्रकरण दर्ज करते हुए गाड़ियों की जब्ती बनाई गई थी। इन सभी मामलों में लाखों रुपए की पेनाल्टी लगाई है। इसके साथ ही 6 मामलों में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। हाईकोर्ट ने इस पर सवाल किया कि दर्ज एफआईआर की संख्या इतनी कम क्यों है।

## स्कूली शिक्षा में यह भेदभाव कैसा?

श्रीकंचनपथ न्यूज




शासन शिक्षा के लगातार गिरते स्तर से परेशान है. प्रयोग पर प्रयोग किये जा रहे हैं और नतीजा यह निकल रहा है कि अब स्कूल-स्कूल में इतना फर्क हो गया है कि शिक्षा के समान अधिकार का उद्देश्य ही हाशिए पर चला गया है। पहले फेल होने पर बच्चे स्कूल से निकाले जाते थे। अब बच्चा फेल होता नहीं बल्कि स्कूल और गुरुजी को फेल कर दिया जाता है। कमजोर बच्चे न केवल बने रहते हैं बल्कि साल दर साल आगे भी बढ़ते रहते हैं। छत्तीसगढ़ की ही बात करें तो यहां सरकारी क्षेत्र में पांच प्रकार के स्कूल हैं। इनमें सामान्य शासकीय विद्यालय, आत्मानंद इंग्लिश और हिंदी मीडियम उत्कृष्ट विद्यालय, एकलव्य स्कूल, कस्तूरबा गांधी स्कूल, पोटा केबिन स्कूल और अब प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया अर्थात पीएम-स्री। छत्तीसगढ़ में दो साल पहले तक 49023 सरकारी स्कूल थे जिनमें 40 लाख से अधिक विद्यार्थी पढ़ रहे थे। अब अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम मिलाकर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की कुल संख्या 422 के करीब है। 2011-12 में नक्सल इलाकों में पोर्टाकेबिन स्कूल शुरू किये गये जहां विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ ही भोजन, वस्त्र, पुस्तक-स्टेशनरी एवं आवास की सुविधा मुफ्त दी जाती है। इससे पहले 1997-98 में एकलव्य स्कूलों की स्थापना की गई थी। कस्तूरबा गांधी स्कूल पहले से हैं। इसके अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय भी हैं जहां विद्यार्थियों को उनकी मेधा के आधार पर प्रवेश दिया जाता है। स्कूली शिक्षा में यह भेदभाव कैसा? अब राज्य में 211 पीएमस्री स्कूल खुलने जा रहे हैं। ये स्कूल नई शिक्षा नीति 2020 का पालन करेंगे। इसमें 12 हजार से अधिक बच्चों को पढ़ने का मौका मिलेगा। यहां छत्तीसगढ़ बोर्ड का सिलेबस चलेगा। ये सभी ग्रीन स्कूल होंगे अर्थात यहां सोलर पावर, सरकारी बिजली के अलावा जनरेटर की व्यवस्था होगी। इसके अलावा इन स्कूलों में उपवन होंगे, खेती-किसानी का भी अवसर होगा। यहां वेस्ट री-साइकिलिंग की जाएगी। बच्चों को खाद बनाना, बागवानी करना सिखाया जाएगा। देशभर में इस तरह के 14500 स्कूल खोले जाने हैं जिनमें से 9000 इसी साल शुरू हो जाएंगे। दरअसल, जब भी सरकार कुछ अच्छा करती है तो कुछ खराब भी होता है। आजाद भारत ने सबके लिए शिक्षा के समान अवसर विकसित करने पर जोर दिया। शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों के लिए बाकायदा सर्वे होते रहे हैं ताकि सभी बच्चों को स्कूलों तक लाया जा सके। यह इसलिए भी जरूरी था कि उनके पोषण स्तर, टीकाकरण और सामान्य स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी संचालन किया जा सके। पर जल्द ही यह बात समझ में आ गई कि केवल सुविधाएं देने से ही वांछित परिणाम नहीं आ जाते। अनुशासन और भाषा ज्ञान अच्छी शिक्षा की पहली जरूरत है। परीक्षा पैटर्न और सबको पास करने वाली बेतुकी नीतियों के चलते ही स्कूलों की गुणवत्ता का ह्रास हुआ है, इसे जितनी जल्दी शासन समझ जाए, उतना अच्छा रहेगा। केवल इंफ्रास्ट्रक्चर बदलने से ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला।



## संपादकीय

### अनर्गल प्रलाप

मध्य प्रदेश के सागर में अपनी चुनावी संभावनाओं को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जब बड़े वादे व दावे कर रहे थे, लगभग उसी समय उन्हीं की पार्टी के एक बुजुर्ग नेता और पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी का एक भाषण सुर्खियों में आया है, जो सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने वाला तो है ही, कांग्रेस पार्टी की उम्मीदों को पलीता लगाने वाला भी साबित हो सकता है। विदिशा के एक जलसे में शिरकत करते हुए कुरैशी ने कहा कि 'हिन्दुस्तान में 22 करोड़ मुसलमान हैं और एक-दो करोड़ मर भी जाएं तो कोई बात नहीं...।' यह विडंबना ही है कि ऐसे वक्त पर, जब देश और समाज में सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए अल्पसंख्यक समुदाय के हजारों लोग सड़कों पर शांति-मार्च निकाल रहे हैं, तब कुरैशी जैसे उम्रदराज नेता अपना आपा खोने का मुजाहरा कर रहे हैं। बीते शुक्रवार को ही मुंब्रा कौसा के शांति-मार्च में हजारों मुस्लिमों ने शिरकत की थी। उससे पहले नूंह, मेवात में हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद दोनों समुदायों के लोग हाथ में हाथ डालकर जिस तरह खड़े हुए, उससे देश के अमनपसंद लोगों का यह यकीन फिर बहाल हुआ कि चंद सिरफिरे लोग अपनी हरकतों से इस देश के सामाजिक ताने-बाने को गहरी चोट नहीं पहुंचा सकते। ऐसे में, कुरैशी के बयान की निंदा ही की जाएगी। यह पहली बार नहीं है, जब अजीज कुरैशी ने कोई आपत्तिजनक बयान दिया है। गवर्नर पद पर रहते हुए भी वह भाषायी मर्यादाओं का उल्लंघन कर चुके हैं। लेकिन इस वक्त उनके बयान से उनकी ही पार्टी को राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। मध्य प्रदेश में चुनावी प्रक्रिया भले न शुरू हुई हो, मगर दोनों मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टियां- भाजपा और कांग्रेस -जोर-शोर से प्रचार में जुट गई हैं। ऐसे में, अपने बड़बोलेपन से कुरैशी ने विरोधी दल के हाथों में धार्मिक ध्रुवीकरण का एक मुद्दा तो थमा ही दिया है। वैसे भी, ऐसी बातें सिर्फ सियासत पर असर नहीं डालतीं, वे सामाजिक समरसता में विष घोलने का काम करती हैं। ऐसा नहीं कि कुरैशी इस हकीकत से आगाह नहीं होंगे, मगर सस्ती लोकप्रियता की चाह और तालियों की भूख सियासी लोगों को हमेशा फांसती रही है। देश आज चांद पर अपने यान उतारने के जश्न की तैयारी में जुटा है, तब किसी संकीर्ण मजहबी नजरिये को नजरंदाज करना मुनासिब होता, मगर जिस तरह से कुरैशी ने देश में अल्पसंख्यकों की उपेक्षा का हवाला देते हुए विषवमन किया, उसको दरगुजर नहीं किया जा सकता। कुरैशी जैसे संकीर्णतावादी लोगों को यह याद दिलाने की जरूरत है कि भारत की तरक्की में सभी समुदायों के होनहार-समर्पित लोगों का योगदान है और खैरख्वाह बनने की सियासत में वे अपनी घातक बातों से अपने-अपने समुदायों का ही नुकसान करते हैं। भारत को अपनी गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से लड़ने के लिए सामाजिक भाईचारे की आज पहले से कहीं ज्यादा आवश्यकता है। ऐसे में, यह वाकई अफसोसनाक है कि उम्र के जिस पड़ाव पर कुरैशी आज खड़े हैं, उन्हें अपने अनुभवों से अपनी जमात के लिए नई खिड़कियां खोलनी चाहिए थी, मगर वह उकसाने वाली बोली बोल रहे हैं। हालांकि, यह एक मजहब या बिरादरी की बात नहीं है, सभी धर्मों और बिरादरियों में ऐसे ख्याल के लोग मौजूद हैं। जरूरत उन्हें आईना दिखाते रहने की है कि तरक्की का रास्ता खून-खराबे से नहीं, भाईचारे और साझेदारी से हमवार होता है।

> "देश आज चांद पर अपने यान उतारने के जश्न की तैयारी में जुटा है, तब किसी संकीर्ण मजहबी नजरिये को नजरंदाज करना मुनासिब होता, मगर जिस तरह से कुरैशी ने देश में अल्पसंख्यकों की उपेक्षा का हवाला देते हुए विषवमन किया, उसको दरगुजर नहीं किया जा सकता। कुरैशी जैसे संकीर्णतावादी लोगों को यह याद दिलाने की जरूरत है कि भारत की तरक्की में सभी समुदायों के होनहार-समर्पित लोगों का योगदान है और खैरख्वाह बनने की सियासत में वे अपनी घातक बातों से अपने-अपने समुदायों का ही नुकसान करते हैं।

## ब्रिक्स की शिखर बैठक

पांच देशों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका- के समूह ब्रिक्स की शिखर बैठक को लेकर जैसी जिज्ञासा अभी देखने को मिल रही है, वैसा 15 साल के इस समूह के इतिहास में कभी नहीं हुआ था। पश्चिमी मीडिया में महीनों से यह चर्चा सुर्खियों में रही है कि मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के शहर जोहानेसबर्ग में शुरू हो रहे तीन दिन के शिखर सम्मेलन से दुनिया पर पश्चिमी वर्चस्व के लिए एक नई चुनौती खड़ी होगी। हालांकि ब्रिक्स देशों ने लगातार यह स्पष्टीकरण दिया है कि यह समूह महज आपसी आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने का मंच है और इसे हार-जीत की सोच के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए, लेकिन पश्चिमी मीडिया में इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा है। चूंकि जोहानेसबर्ग में एक बड़ा मुद्दा ब्रिक्स समूह के विस्तार है, इसलिए पश्चिमी देशों के कान खड़े हुए हैं। उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले ब्रिक्स के बाहर के कम से कम 23 देशों ने इस समूह से जुड़ने की अर्जी दी है। इनमें सऊदी अरब जैसा धनी और तेल समृद्ध देश भी शामिल है। इससे यह कयास गया है कि नए रूप में ब्रिक्स अगर एक स्वायत्त व्यापार एवं मौद्रिक व्यवस्था कायम करने की तरफ बढ़ा, तो उससे दूसरे विश्व विश्व युद्ध के बाद से चल रही व्यवस्थाएं कमजोर होंगी। बेशक उन व्यवस्थाओं पर अमेरिका का नियंत्रण रहा है। इसके अलावा ब्रिक्स की अपनी करेंसी शुरू करने की चर्चा भी रही है, हालांकि अब संकेत हैं कि यह मुद्दा इस बार एजेंडे पर नहीं है। इसके बजाय ब्रिक्स देश आपसी मुद्राओं में अपने अंतरराष्ट्रीय लेन-देने के भुगतान को बढ़ावा देने पर जोहानेसबर्ग में विचार करेंगे। यह चलन जितना बढ़ेगा, निर्विवाद रूप से उससे अमेरिकी डॉलर का दबदबा कमजोर होगा। यह भी निर्विवाद है कि ब्रिक्स के भीतर चीन की एक प्रभावशाली उपस्थिति है। इस कारण विस्तृत होता ब्रिक्स मंच चीन का प्रभाव रोकने की पश्चिम की कोशिश के विपरीत दिशा में जाएगा। तो कुल मिला कर इस पृष्ठभूमि के बीच ब्रिक्स शिखर सम्मेलन शुरू हो रहा है। लाजिमी है कि वहां होने वाली चर्चाओं और उनके संभावित परिणामों पर दुनिया की निगाह टिकी हुई है।

## खड़गे की कमेटी पर सोनिया की छाप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की बनाई कार्य समिति पर सोनिया गांधी की स्पष्ट छाप दिख रही है। ऐसा लग रहा है कि सोनिया की कांग्रेस की वापसी हो गई है, जिसमें कुछ नए सदस्य इसलिए जगह पा गए हैं क्योंकि वे राहुल गांधी या प्रियंका गांधी वाड्रा के करीबी हैं और उनके प्रति निष्ठावान हैं। अगर कोई आंख बंद करके सोनिया गांधी की दो दशक पुरानी टीम को याद करे तो ज्यादातर चेहरे खड़गे की टीम में भी दिखाई देंगे। पदेन सदस्यों को छोड़ दें जैसे पूर्व अध्यक्ष सोनिया व राहुल गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी तो 39 सदस्यों की मुख्य कमेटी और विशेष आमंत्रित व स्थायी आमंत्रित सदस्यों में लगभग सारे पुराने चेहरे दिखेंगे। खड़गे की कार्य समिति में ऊपर से नाम पढ़ना शुरू करें तो एके एंटनी का नाम दिखेगा, अंबिका सोनी और दिग्विजय सिंह का नाम दिखेगा, मुकुल वासनिक और आनंद शर्मा का नाम दिखेगा, मीरा कुमार और पी चिदंबरम का नाम दिखेगा, अजय माकन और कुमारी शैलजा का नाम दिखेगा, सलमान खुर्शीद और जयराम रमेश का नाम दिखेगा। वह तो अच्छा हुआ कि खड़गे ने 23 की जगह कार्य समिति में 39 सदस्य बनाए अन्यथा जो थोड़े बहुत नए लोग इसमें दिख रहे हैं उनको जगह नहीं मिल पाती।

> "इसमें कोई दोराय नहीं कि हमारे विश्वविद्यालय केवल अकादमिक ज्ञान देने के लिए ही जिम्मेदार नहीं हैं। वे सर्वांगीण, भावनात्मक रूप से संतुलित, जिज्ञासु, आत्मविश्वासी और संवेदनशील पीढ़ी तैयार करने के लिए भी जिम्मेदार हैं। यह कोई छोटी विडंबना नहीं है कि उन चार वरिष्ठ छात्रों ने कनिष्ठ छात्र अमन का सिर दीवार से तब तक लड़ाया, जब तक कि वह लहूलुहान होकर मर नहीं गया।

# हम कब तक पालेंगे रैगिंग का रोग

रघु रमन, फेलो, ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन




हमारे शिक्षा परिसरों में रैगिंग की शिकायत थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते 9 अगस्त को रैगिंग ने अपना नवीनतम शिकार एक नाबालिग छात्र को बनाया। यह मासूम छात्र कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय में अपने कैंपस जीवन का कुछ सप्ताह ही बिता पाया था, उसका ऐसा उत्पीड़न हुआ और ऐसा यौन दुर्व्यवहार किया गया कि उसने छात्रावास की इमारत से कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इतना ही नहीं, लगभग एक दर्जन वरिष्ठ छात्रों ने प्रशासन और पुलिस को शिक्षा परिसर में घुसने से रोक दिया। ये लोग अपराध स्थल पर इस साजिश में लगे थे, ताकि यह प्रतीत हो सके कि पीड़ित ने आत्महत्या की है और इसमें अन्य लोगों की कोई भूमिका नहीं है। रैगिंग (या उत्पीड़न) एक आपराधिक और गैर-जमानती अपराध है, फिर भी भारत के दो करोड़ छात्रों में से 80 प्रतिशत से अधिक छात्र हर साल हल्की शर्मिंदगी से लेकर गंभीर पीड़ा तक किसी न किसी रूप में बर्दाश्त करते हैं। जिन छात्रों को छात्रावास में रहने की आवश्यकता होती है, उन्हें लगभग एक वर्ष तक आघात सहना पड़ता है। वे तब तक आघात सहते हैं, जब तक कि वे अगले नए छात्रों को वैसे ही आपराधिक आचरण के अधीन करने का अवैध अधिकार अर्जित नहीं कर लेते हैं।

लोगों को अभी भी याद है, प्रोफेसर राज काचरू के इकलौते बेटे अमन को 2009 में एक सरकारी मेडिकल कॉलेज में चार वरिष्ठ छात्रों ने पीट-पीटकर मार डाला था। प्रोफेसर काचरू लोगों को रैगिंग जैसी अनैतिकता के प्रति संवेदनशील बनाने के समर्थक रहे हैं। रैगिंग दर्जनों छात्रों की जान ले लेती है, अनगिनत छात्रों को भावनात्मक और शारीरिक रूप से तबाह कर देती है। प्रोफेसर काचरू की कोशिशों के परिणामस्वरूप सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था, जिसमें इस बात पर निराशा व्यक्त की गई थी कि भारतीय दंड संहिता के तहत दंडनीय कृत्य देश के लगभग 50,000 शिक्षा परिसरों की चारदीवारी में खूब प्रचलित है।

इसमें कोई दोराय नहीं कि हमारे विश्वविद्यालय केवल अकादमिक ज्ञान देने के लिए ही जिम्मेदार नहीं हैं। वे सर्वांगीण, भावनात्मक रूप से संतुलित, जिज्ञासु, आत्मविश्वासी और संवेदनशील पीढ़ी तैयार करने के लिए भी जिम्मेदार हैं। यह कोई छोटी विडंबना नहीं है कि उन चार वरिष्ठ छात्रों ने कनिष्ठ छात्र अमन का सिर दीवार से तब तक लड़ाया, जब तक कि वह लहूलुहान होकर मर नहीं गया। त्रासद यह कि वे वरिष्ठ छात्र डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहे थे? हम ऐसे छात्रों से किस तरह का डॉक्टर बनने की उम्मीद कर सकते हैं? हत्यारों को मात्र चार साल की कैद हुई, तो फिर ऐसे अपराध की जघन्यता के बारे में समाज में क्या संदेश गया?

जो लोग गर्व से भारत की युवा ताकत का बखान करते हैं, वे शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं कि मुट्ठी भर संस्थानों को छोड़कर देश के ज्यादातर उच्च शिक्षा प्रतिष्ठान औसत दर्जे की प्रतिभाएं पैदा करते हैं। वैश्विक गुरु बनने की महत्वाकांक्षा की घोषणा एक ऐसी खंडित शिक्षा व्यवस्था पर आधारित नहीं हो सकती है, जो साल दर साल बदमाशियों और परपीड़क अनुष्ठानों से भरी रहती है। लिहाजा यदि भारत विश्व में अपने यथोचित स्थान का दावा करने की आशा रखता है, तो उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी अगली पीढ़ी विश्व स्तर पर नवाचार, रचनात्मकता, अनुसंधान और वैज्ञानिक स्वभाव के लिए जानी जाए। निस्संदेह, रैगिंग या इस तरह का कोई भी हिंसक व्यवहार तीन कारणों से इसके विपरीत है।

सबसे पहले, रैगिंग के पीड़ितों को यह सिखाया जा रहा है कि अरुचिकर, अनैतिक और अवैध निर्देशों का अंध आज्ञापालन ही आदर्श है, अगर निर्देश किसी वरिष्ठ की ओर से आ रहे हैं। दूसरा, रैगिंग सहानुभूति, बुद्धिमत्तापूर्ण असहमति और यथास्थिति पर सवाल उठाने के दृष्टकोण जैसे मूल मूल्यों का गला घोंट देता है, जबकि ये मूल्य सहयोग, नवाचार व रचनात्मकता के लिए आवश्यक हैं। तीसरा, रैगिंग को नजरंदाज करना छात्रों को यह सिखाता है कि रैगिंग के लिए कानून तोड़ना ठीक है, क्योंकि इसकी रिपोर्ट नहीं की जाएगी। अगर रिपोर्ट होगी, तो शिक्षा संस्थान या प्रतिष्ठान ही इसे संभालेगा और यदि आगे चलकर किसी को दोषी भी ठहराया जाता है, तो सजा में नरमी बरती जाएगी। इस तरह के अनबोले संरक्षण से नागरिकों की एक ऐसी पीढ़ी तैयार होती है, जिसके लिए कानून और नियमों की कोई पवित्रता नहीं है। एक व्यक्ति जो छात्र रहते हुए कानून तोड़ने के लिए तत्पर है, वह आगे चलकर कोई कानून न तोड़े, ऐसा कैसे हो सकता है? एक व्यक्ति जिसे छात्र के रूप में क्रूरता सिखाई गई है, उसके एक संवेदनशील 'टीम लीडर' के रूप में विकसित होने की संभावना नहीं है।

अमेरिकी मनोचिकित्सक और मनोविश्लेषक मरे बोवेन्स ने 'बहुपीढ़ीगत संचरण प्रक्रिया' की अवधारणा पेश की है, जो बताती है कि व्यवहार, भावनाओं और रिश्तों के तौर-तरीके पीढ़ियों में प्रसारित होते हैं। उन्होंने समझाया कि व्यक्तियों को न सिर्फ आनुवंशिक गुण, बल्कि भावनात्मक और रिश्ता निभाने के ढंग भी अपने माता-पिता व अनुभवों से विरासत में मिलते हैं। इसी से तय होता है कि व्यक्ति किसी तनाव या समस्या पर कैसी प्रतिक्रिया करेगा। इसी से तय होता है कि व्यक्ति कैसे रिश्ते बनाएगा और कैसे उसमें होने वाली खींचतान का प्रबंधन करेगा। बोवेन्स ने कहा, 'हम सब पीड़ितों के शिकार हैं।' वह इस बात पर जोर देते हैं कि हर पीढ़ी उन मूल्य प्रणालियों और बुरे व्यवहारों को आत्मसात करती है और उन्हें अगली पीढ़ी तक पहुंचाती है, जिन्हें उसने सामूहिक रूप से अनुभव किया है।

यदि भारतीय समाज और हमारे दो करोड़ छात्रों के भावी नियोक्ता इस दुश्चक्र को जल्द से जल्द नहीं तोड़ते हैं, तो हम सभी को इससे होने वाली विषाक्तता की कीमत चुकानी पड़ेगी। कॉरपोरेट्स की यह न केवल जिम्मेदारी है, बल्कि उस पर जोर देने का अधिकार भी है। आखिरकार, यदि संभावित नियोक्ता के रूप में उनका यह अधिकार है कि आज छात्रों को क्या पढ़ाया जाए और किस हुनर में पारंगत किया जाए, तो उनको निश्चित रूप से ऐसी मानसिकता की मांग करने का भी अधिकार है, जो हिंसा से पूरी तरह मुक्त हो।

जैसा कि फ्रेडरिक डगलस ने बताया है, 'टूटे हुए पुरुषों की मरम्मत करने की तुलना में मजबूत बच्चों को बड़ा करना आसान है।'

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# न्याय योजनाओं से खुशहाल हुआ छत्तीसगढ़

आलेख- जी. एस. केशरवानी,आनंद सोलंकी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ठेठ छत्तीसगढ़िया अंदाज रंग ला रहा है। जमीनी हकीकत और छत्तीसगढ़ के लोगों की जरूरतों से जुड़ी उनकी योजनाओं ने पुरखों के सपनों के 'नवा छत्तीसगढ़' गढ़ने की परिकल्पना को धरातल पर साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उनके पिछले पौने पांच साल के कार्यकाल की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि वे छत्तीसगढ़िया गौरव और स्वाभिमान को जगाने में कामयाब रहे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ में प्रारंभ किए गए नवाचारों ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया और सराहना पायी। नवाचारों को दूसरे राज्यों अपनाने के लिए आगे आ रहे है। संसदीय समितियों और नीति आयोग ने भी छत्तीसगढ़ के इन नवाचारों की सराहना की है। सुराजी गांव योजना, नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी योजना, गोबर खरीदी की गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना जब प्रारंभ हुई थीं, तब लोगों ने इनकी सफलता पर बड़ा प्रश्न चिन्ह लगाया था, लेकिन इन योजनाओं को लागू करने में मुख्यमंत्री बघेल के दृढ़ संकल्प ने योजनाओं की सफलता ने नया कीर्तिमान बनाया है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ में लागू की गई न्याय योजनाओं से बड़ा बदलाव आया है। किसानों, मजदूरों, ग्रामीणों, पशुपालकों और गरीबों की जेब में सीधे पैसे डालने की योजनाओं से लोगों की आर्थिक स्थिति और जीवनस्तर में सुधार हुआ है, उनकी क्रय शक्ति में बढ़ोत्तरी हुई है। जिससे छत्तीसगढ़ के बाजारों की रौनक बढ़ी और उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में उत्साहजनक वातावरण बना है। नीति आयोग द्वारा हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ में 40 लाख लोग गरीबी के दायरे से बाहर आए हैं। इस उपलब्धि में छत्तीसगढ़ सरकार की राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद भूपेश बघेल ने सबसे पहले किसानों से किए गए कर्जमाफी का वायदा निभाया और किसानों की कर्जमाफी की घोषणा की। राज्य के किसानों के 9270 करोड़ रुपए से अधिक के कृषि ऋण अदायगी में छूट दी गई। इसके साथ ही 244.18 करोड़ रुपए का सिंचाई कर भी माफ किया गया। किसानों से 2500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का वादा किया गया था। समर्थन मूल्य के अलावा अंतर की राशि को राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू कर आदान सहायता के रूप में प्रदान किया जा रहा है।

वनवासियों के लिए आय में वृद्धि का स्त्रोत बढ़ाने सरकार द्वारा खरीदी जाने वाली लघुवनोपजों की संख्या को सात से बढ़ाते हुए 65 प्रकार के लघुवनोपज तक कर दी गई है। तेंदूपत्ता के समर्थन मूल्य में बड़ी वृद्धि करते हुए 2500 रुपए से 4000 हजार रुपए तक किया गया। वहीं तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए 5 अगस्त 2020 को शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना की शुरुआत की गई। इसमें 4555 तेंदूपत्ता संग्राहकों को 31 मार्च 2022 की तारीख तक 63 करोड़ 43 लाख रुपये की बीमा राशि का भुगतान किया गया है। आदिवासियों की लोहाण्डीगुड़ा में टाटा समूह द्वारा 4200 एकड़ अधिगृहीत जमीन वापसी कराई गई।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल की शुरुआत करते हुए निम्न आय वर्ग के बच्चों को भी भविष्य में बेहतर अवसर दिलाने की पहल। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए राज्य सरकार द्वारा 377 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम तथा 350 स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम के स्कूल प्रारंभ किए गए है, जहां 4.21 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं। इन विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और लाइब्रेरी, लैब सहित अधोसंरचना इतनी अच्छी है कि निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने इन विद्यालयों में प्रवेश लेने की होड़ लगी रहती है। चूंकि इन स्कूलों में शिक्षा निःशुल्क दी जा रही है, इससे भी शिक्षा पर होने वाले खर्च में लोगों की बचत हो रही है।

राज्य के युवाओं को अंग्रेजी माध्यम में उच्च शिक्षा के लिए 10 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज प्रारंभ किए गए हैं। आने वाले समय में सभी जिला मुख्यालय में अंग्रेजी माध्यम कॉलेज प्रारंभ करने की योजना है। राज्य में मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए है। चार नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए गए और जिनमें से एक निजी कॉलेज का अधिग्रहण किया गया है। इसी प्रकार चार नए मेडिकल कॉलेज की घोषणा की गई। इन्हें मिलाकर आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 6 से बढ़कर 14 हो जाएगी।

सुराजी गांव योजना के तहत नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी कार्यक्रम से विशेष प्रसिद्धि प्राप्त की है। गोधन न्याय योजना जिसके अंतर्गत गोबर खरीदी योजना लाया गया और गौठानों का निर्माण किया गया। गोबर के साथ गोमूत्र खरीदने वाला देश का पहला राज्य छत्तीसगढ़ है। महंगी दवाओं से



राहत देने के लिए श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स की शुरुआत जहां 50 से 72 फीसदी तक छूट में 300 से अधिक प्रकार की दवाएं और मेडिकल उपकरण उपलब्ध हैं। सी-मार्ट की शुरुआत करते हुए ग्रामीण उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने का कार्य किया गया।

इन योजनाओं के साथ-साथ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, लघुवनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी और प्रसंस्करण, मिलेट्स के समर्थन मूल्य पर खरीदी और प्रसंस्करण, जैसी योजनाओं ने भी लोगों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके साथ-साथ बेरोजगारी भत्ता योजना ने बेरोजगार युवाओं को संबल प्रदान किया है। राजीव युवा मितान क्लब योजना ने युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का काम किया है।

गांव के गौठानों में प्रारंभ किए गए रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के माध्यम से विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों को रोजगार और आय के साधन मिले हैं। प्रदेश में 300 रीपा विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें ग्रामीण युवाओं को छोटे-छोटे उद्योग धंधे प्रारंभ करने के लिए जमीन, बिजली, पानी, बैंक लिंकेज और प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। रीपा में पौनी-पसारी के तहत परम्परागत व्यवसाय करने वाले लोगों को भी अपनी गतिविधियों के लिए शेड उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगभग पौने दो लाख करोड़ रूपए की राशि जनता की जेब में डाली गई है। छत्तीसगढ़ सरकार की न्याय योजनाओं के चलते बीते पौने पांच सालों में प्रति व्यक्ति का 88,793 रूपए से बढ़कर 1,33,898 रूपए हो गई है। इस अवधि में छत्तीसगढ़ का जीएसडीपी 3,27,106 करोड़ रूपए से बढ़कर 5,09,043 करोड़ रूपए हो गयी है। मार्च 2020 से निरंतर दो वर्ष तक कोविड-19 आपदा के कारण आर्थिक गतिविधियां मद होने के बावजूद राज्य शासन की नीतियों और न्याय योजनाओं के चलते अर्थव्यवस्था के आकार में 56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2022-23 में कृषि, औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य की विकास दर राष्ट्रीय औसत से काफी ज्यादा रही है।

राज्य शासन द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 24.30 लाख किसानों को इनपुट सब्सिडी के रूप में अब तक 21 हजार 912 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। इसी तरह 'राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना' के 5.6 लाख हितग्राहियों को अब तक 758.03 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। इस योजना के हितग्राहियों को किश्तों में प्रतिवर्ष 7000 रूपए की मदद दी जा रही है। 'गोधन न्याय योजना' के तहत अब तक महिला स्व-सहायता समूहों, गौठान समितियों और ग्रामीणों को 551.31 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है।

इसी तरह राज्य में गठित किए 13 हजार 242 राजीव युवा मितान क्लबों को अब तक 132.48 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत प्रदेश के 01 लाख 22 हजार 625 हितग्राहियों को अब तक 112 करोड़ 43 लाख 30 हजार रूपए की राशि दी जा चुकी है। युवाओं को शासकीय नौकरी का अवसर प्रदान करने के लिए हाल ही में राज्य में 42 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जा रही है। प्रतियोगी परिक्षाओं में फीस माफ की गई है। राज्य के युवाओं को उद्योगों में रोजगार के अवसर दिलाने के लिए 36 आईटीआई का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। जहां नए जमाने के अनुरूप विभिन्न ट्रेडों में युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण की व्यवस्था रहेगी। इससे प्रतिवर्ष 10 हजार युवाओं को प्रशिक्षण मिलेगा।

तेन्दूपत्ता संग्राहकों की मेहनत का उचित मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण की दर 2500 रूपए से बढ़ाकर 4000 रूपए प्रति मानक बोरा की गई है। इसी तरह 67 प्रकार की लघु वनोपजों के समर्थन मूल्य पर खरीदी के साथ उनके प्रसंस्करण का काम प्रारंभ होने से वनोपज संग्राहकों की आय में वृद्धि हुई है।

राज्य सरकार द्वारा लागू की गई किसान हितैषी योजनाओं से प्रदेश में खेती-किसानी की अच्छी प्रगति हुई है। ऐसे किसान जो कृषि लागत बढ़ने के कारण खेती-किसानी छोड़ चुके थे, वे भी खेतों की ओर लौटे है। पिछले पौने पांच वर्षों में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों की संख्या 12 लाख से बढ़कर 24 लाख से ज्यादा हो गई है। खेती का रकबा भी 24.46 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 31.17 लाख हेक्टेयर हो गया है। खेती की प्रगति से समर्थन मूल्य पर धान का उर्पाजन 55 लाख मीटरिक टन से बढ़कर 107 लाख मीटरिक टन हो गया है।

प्रदेश में मछली पालन, लाख पालन को कृषि का दर्जा दिया गया है। इसके अलावा रेशम पालन और मधुमक्खी पालन को कृषि का दर्जा देने की घोषणा की गई है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के एवज में किसानों को वर्ष 2019-20 में 15 हजार 285 करोड़, वर्ष 2020-21 में 17 हजार 241 करोड़, वर्ष 2021-22 में 19 हजार 37 करोड़ तथा वर्ष 2022-23 में 22 हजार 67 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। खेती-किसानी को मिले प्रोत्साहन से शून्य प्रतिशत ब्याज पर अल्पकालीन कृषि ऋण लेने वाले किसानों की संख्या वर्ष 2018-19 में 9.94 लाख से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 14.07 लाख हो गई है।

लोगों की बचत को बढ़ावा देने में राज्य सरकार की हाफ बिजली बिल योजना, जिसमें 400 यूनिट तक बिजली की खपत पर आधा बिजली बिल देना होता है। किसानों को रियायती दर पर बिजली की आपूर्ति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के किसानों को निःशुल्क बिजली प्रदाय, राज्य सरकार की सार्वभौमिक सार्वजनिक वितरण प्रणाली, इलाज के लिए डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गरीबों को इलाज के लिए पांच लाख रूपए तक की सहायता, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत इलाज के लिए 20 लाख रूपए तक की सहायता उपलब्ध कराने की पहल की गई है। हमर लैब के माध्यम से जांच की सुविधा, हाट बाजार क्लिनिक योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, दाई-दीदी क्लिनिक योजना जैसी योजनाओं ने भी लोगों के खर्च कम करने में मदद की है।

लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में छत्तीसगढ़ सरकार योजनाओं की सफ्लता पर नीति आयोग ने भी हाल ही में जारी अपनी रिपोर्ट में मुहर लगायी है। इस रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ के कबीरधाम, सरगुजा और दंतेवाड़ा में 23 से 25 प्रतिशत लोग गरीबी से बाहर आ गए हैं। रायपुर, धमतरी और बालोद जिले में गरीबी का अनुपात अब 10 प्रतिशत से कम रह गया है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी नीतियों और न्याय योजनाओं से राज्य के 40 लाख लोग गरीबी से बाहर निकलने में सफ्ल हुए हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़






## खास खबर

### राष्ट्रपति का छत्तीसगढ़ प्रवासः कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**रायपुर।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपती मुर्मू के 31 अगस्त और 01 सितंबर को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ प्रवास की तैयारियों के बारे में आज कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक श्री प्रशांत अग्रवाल सहित पुलिस-प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए। कलेक्टर ने बैठक में राष्ट्रपति के प्रवास के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों और मापदण्डो के अनुसार गरिमापूर्ण तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रपति के शहर में आने-जाने के रास्तों पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। डॉ भुरे ने राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थलों पर वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। प्रवास के दौरान विभिन्न दायित्वों में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को उपयुक्त पास जारी करने के भी निर्देश कलेक्टर ने दिए। डॉ भुरे ने राष्ट्रपति के प्रवास के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार चिकित्सा व्यवस्था, भोजन व्यवस्था आदि भी सुनिश्चित करने को कहा।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण में सहयोग करें राजनैतिक दल - कलेक्टर

**रायपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 की आवश्यक तैयारी को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने आज सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में एसएसपी प्रशांत अग्रवाल सहित सभी सातों विधानसभाओं के रिटर्निंग अधिकारी भी शामिल हुए। डॉ. भुरे ने जिले में सभी विधानसभाओं में निष्पक्ष निर्वाचन एवं राजनैतिक दलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण के काम में सहयोग की अपील की। कलेक्टर डॉ. भुरे ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक कर दी गई है। अब एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहें युवाओं एवं छूटे हुए मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, विलोपन एवं संशोधन के लिए मतदान केंद्रों में नियुक्त अविहित अधिकारी द्वारा 31 अगस्त तक दावा आपत्ति ली जायेगी। बैठक में कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन से संबंधित अब तक की जा रही तैयारियों की जानकारी भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी और उनसे सुझाव भी मांगे।


### आओ एक दीप जलाएं, मतदान की अलख जगाएं

**रायपुर।** आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए की जा रही प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा करने भारत निर्वाचन आयोग का दल रायपुर जिले के प्रवास पर आने वाला है। इस दौरान मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के जागरूकता कार्यक्रम भी जिला प्रशासन द्वारा किए जाएंगे। 25 अगस्त को शाम 6 बजे से बूढ़ा तालाब विवेकानंद सरोवर परिसर में मतदाता महोत्सव मनाया जाएगा। इस महोत्सव में मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने दीप दान कार्यक्रम भी होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने अधिक से अधिक लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर दीप दान के साथ मतदान का संकल्प लेने की अपील की है। कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग की टीम के सदस्य भी शामिल होंगे और मतदाताओं को मतदान का महत्व बताएंगे।

## हमारी सरकार की जनहितैषी नीतियों से छत्तीसगढ़ के लोगों के चेहरे पर आई मुस्कानः मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी सरकार की जनहितैषी नीतियों से छत्तीसगढ़ के लोगों के चेहरे में मुस्कान आई है। इसके परिणाम स्वरूप राज्य में हर अंचल तथा क्षेत्र के लोगों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध हुए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी के एक निजी टीवी समूह द्वारा आयोजित 'मंच छत्तीसगढ़' कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।



उन्होंने इस मौके पर इंडिया न्यूज ग्रुप के रायपुर डिजिटल एडिशन का लॉन्च किया और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया। उन्होंने परिचर्चा के दौरान कहा कि हमने जो वादे जनता से किए थे, वो तो पूरा कर ही रहे हैं। साथ ही जो वादे नहीं किए, उसे भी पूरा कर रहे हैं। उदाहरण के लिए स्वामी आत्मानन्द स्कूल वहां 1-1 सीट के लिए आज 10-10 आवेदन आ रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मैं छत्तीसगढ़ में बदले की राजनीति नहीं बदलाव की राजनीति करूंगा चाहे वह महिला हो बेरोजगार हो आदिवासी हो महिलाएं सभी के जीवन में बदलाव होने चाहिए। उन्होंने कहा कि आज मैं अंबिकापुर में युवाओं से भेंट मुलाकात करके आ रहा हूं , जहां युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों के दिल और जुबान दोनों में समानता है। जो मेहनतकश लोग हैं उनको मेहनत का दाम हमने दिया है, किसान हो, मजदूर हो और विक्रेता मेहनतकश लोगों का दाम हमने दिया। बेरोजगारों को हमने काम दिया। छत्तीसगढ़ की संस्कृति गुम हो गई थी लोग उसे नजरअंदाज कर रहे थे। जो हीनता की भावना से और पीछे कोशिश करने का प्रयास कर रहे थे। लोगों की जो भावना थी, छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, जो हमारी भाषा है, खान-पान संस्कार है। उसको हमने सम्मानित करने का काम किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की प्राचीन एवं समृद्ध आदिवासियों की संस्कृति को भी संरक्षण प्रदान करते हुए देश-दुनिया में पहचान दिलाने का काम किया। छत्तीसगढ़ में आदिवासी नृत्य का आयोजन किया, जिसमें देश ही नहीं विदेशी कलाकारों द्वारा भी प्रस्तुति दी जाती है। इससे छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति के क्षेत्र में भी अंतर्राष्ट्रीय पहचान बनी है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश में 67 प्रकार के लघु वनोपजों का संग्रहण होता है। आदिवासियों, वनवासियों तथा संग्राहकों के हित में कई अहम निर्णय लिए गए हैं। तेंदूपत्ता का मूल्य बढ़ाकर 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा किया गया। यहां देश के तीन चौथाई लघु वनोपज का संग्रहण किया जाता है। उन्होंने कहा कि धान का सर्वाधिक मूल्य हम किसानों को दे रहे हैं। इसके साथ ही गन्ना की भी सर्वाधिक कीमत दी जा रही है। कोदो-कुटकी का समर्थन मूल्य हमने घोषित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल मे लघु वनोपज खरीदने का काम किया तेंदूपत्ता खरीदी का काम किया, जबकि उस समय देश में दुकान एवं फैक्ट्री भी बन्द थीं। ऐसे समय में छत्तीसगढ़ सरकार लोगों के साथ खड़ी रही। कोरोना संकट के समय जब देश में कहीं काम नहीं चल रहा था तब 26 लाख मनरेगा मजदूर छत्तीसगढ़ में काम कर रहे थे यह अपने आप में एक कीर्तिमान है।

## थर्ड पार्टी बिल भुगतान हेतु ऑनलाइन पोर्टल उद्घाटित

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा 21 अगस्त 2023 को बीएसपी टाउनशिप के थर्ड पार्टी उपभोक्ताओं को एसएमएस के माध्यम से बिल भुगतान की सुविधा प्रदान करने हेतु ऑनलाइन पोर्टल का उद्घाटन किया गया। यह आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेषक प्रभारी के सभागार में सम्पन्न हुआ।



इस अवसर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेषक डॉ ए के पंडा, मुख्य महाप्रबंधक निषा सोनी, महाप्रबंधक जे वाइ सपकाले, महाप्रबंधक विजय कुमार शर्मा, महाप्रबंधक नीना जायसवाल, महाप्रबंधक समीर गुप्ता, उप महाप्रबंधक निधी चंद्राकर, उप महाप्रबंधक सोमित आईच, सहायक महाप्रबंधक आर गर्ग सहित सी एंड आईटी तथा नगर सेवाएं विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा उपस्थित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगणों ने सी एंड आईटी तथा नगर सेवाएं विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस नई सुविधा के माध्यम से उपभोक्ताओं को बिल भुगतान में बहुत आसानी होगी। समय पर भुगतान सुनिष्चित किया जा सकेगा जिससे पेनाल्टी से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। ऑनलाइन भुगतान से पेपरलेस वर्किंग प्रक्रिया में गति आएगी। मुख्य महाप्रबंधक व प्रभारी असीत साहा के मार्गदर्षन में सी एंड आईटी की टीम के साथ मिलकर नगर सेवाएं विभाग के अधिकारियों ने मिलकर इस एप्प को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

सी एंड आईटी तथा नगर सेवाएं विभाग के संयुक्त प्रयास से ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। इस सुविधा के तहत उपभोक्ताओं को प्रतिमाह बिल के सन्देश के साथ एक लिंक उपलब्ध होगा जिसके माध्यम से उपभोक्तागण अपने मासिक बिलों का भुगतान कर सकते हैं। बिलों का भुगतान नेट बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, यूपीआई के माध्यम से किया जा सकता हैं।

## निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी 8 सितंबर को

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर सेना विभाग के अंतर्गत जिला-दुर्ग में भण्डार की निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी 8 सितंबर को समय 11 बजे केन्द्रीय विद्यालय के बाजू में न्यू कैम्प कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं दुर्ग में की जावेगी। जिला सेनानी, नगर सेना, दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों में होमगार्ड जवानों की वर्दी सामग्री फुलपेन्ट, कमीज, टोपी, जूते, मोजे, कंबल, दरी, मच्छरदानी, पलंग, किट बाक्स तथा अन्य अनुपयोगी सामान भी शामिल है। सम्पूर्ण सामग्री को नीलामी के एक दिवस पूर्व कार्यालयीन समय में देख सकेंगे। प्रत्येक खरीददार को बोली लगाने से पूर्व 1000/- रूपए मात्र प्रतिभूति के रूप में नगद जमा करना अनिवार्य है। जिन खरीददारों की बोली स्वीकार नहीं होगी। उन खरीददारों की जमा राशि वापस कर दी जावेगी। सम्पूर्ण सामग्रियों को उसी दिन उठाना होगा।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में एचएससीएल कॉलोनी के लोगों का हुआ ईलाज



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विधायक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की टीम द्वारा वार्ड 61 एचएससीएल कॉलोनी सेक्टर 6 भिलाई में विधायक देवेंद्र यादव के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शंकराचार्य हॉस्पिटल , साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल और मैत्री डेंटल कॉलेज की संयुक्त टीम के द्वारा अपना सहयोग दिया ये शिविर सेवक जन फाउंडेशन के सहयोग से लगाया गया जिसमें सभी प्रकार की दवाइयां निःशुल्क वितरित की गई विधायक देवेंद्र यादव के द्वारा आई फ्लू के मरीजों के लिए आई ड्रॉप निःशुल्क प्रदान की गई।

डॉ हरजिंदर सिंह के द्वारा हर वार्ड में विधायक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का निरंतर आयोजन किया जा रहा है वार्ड 61 में भी लोगो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। वार्ड 61 पार्षद सेवन कुमार ठाकुर और पूर्व पार्षद सूर्यकांत सिन्हा दोनो का पूर्ण सहयोग मिला और वार्ड के 252 लोगो ने अपना स्वास्थ्य लाभ लिया सुबह से लेकर शिविर खत्म होने तक वे दोनो शिविर में मौजूद रहे और सभी की मदद करते रहे।

### वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा ने आवेदन देकर दुर्ग से की पुनः दावेदारी, कहा-

## शहरवासियों से राजनैतिक नहीं 6 दशकों का पारिवारिक रिश्ता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** पिछले चुनाव की ही तर्ज पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एआईसीसी के निर्देश पर अब छत्तीसगढ़ में चुनावी सर्वे एवं टिकट दावेदारी हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया है। जहां कई कांग्रेसी नेताओं ने अपने अपने क्षेत्रों के ब्लॉक व जिला अध्यक्षों को टिकट के लिए अपना आवेदन दिया है।

वरिष्ठ विधायक व भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने भी शहर के महापौर धीरज बाकलीवाल, पार्षद, एल्डरमैन, पांचों ब्लाक अध्यक्षों की मौजूदगी में जिला अध्यक्ष गया पटेल व पूर्वी ब्लॉक के अध्यक्ष राजकुमार पाली को अपना आवेदन विधिवत सौंपा। इस दौरान राजीव भवन में उनके



समर्थन में छात्रों, युवाओं व कांग्रेस जनों की भीड़ उमड़ पड़ी। पिछले चुनाव में 21 हजार से अधिक मतों से जीतने वाले व तीन बार के विधायक वोरा ने पुनः अपनी सीट से दावा प्रस्तुत करने के पश्चात बातचीत करते हुए कहा कि दुर्ग शहर उनका परिवार है और बाबूजी श्री मोतीलाल वोरा के शुरुवाती दिनों से ही शहर के मतदाताओं ने वोरा परिवार को अपनत्व और आशीष से ऋणी किया है। जनसेवा के लगातार प्रयासों के बाद भी शहर की जनता के प्रेम, स्नेह, विश्वास व आशीर्वाद का ऋण चुकाया नहीं जा सकता। वोरा ने भावुक होते हुए कहा कि पहली बार बाबूजी की अनुपस्थिति में चुनाव हो रहे हैं लेकिन उनका आशीर्वाद व शहर की जनता से अर्जित प्रेम की परिपाटी उनके साथ है।

पार्षद के पद से वोरा जी को राजनीति के शीर्ष पर पहुंचाने व लगातार उन पर भरोसा दिखाते हुए तीन बार अपनी सेवा का मौका देने के लिए शहर के बड़े ,बुजुर्गों, छात्रों , युवाओं, माता एवं बहनों का प्रेम अविस्मरणीय अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में दुर्ग का अभूतपूर्व विकास किया जा रहा है यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में वोरा समर्थक मौजूद थे।

### रोका छेका संकल्प अभियान के तहत मवेशी को अवारा नहीं छोड़ने पशुपालकों ने ली शपथ

## निगम क्षेत्र के मवेशियों का होगा एनिमल टैगिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर के सड़क, बाजार, चौक चौराहो में घुमने वाले मवेशियों को अब एनिमल टैगिंग कर विशेष पहचान दिया जायेगा, जिससे रोका छेका संकल्प अभियान के तहत बार-बार पकड़े जा रहे मवेशी के मालिक के विरूद्व दण्डात्मक कार्यवाही की जा सके। पशु पालको ने मवेशियों को खुले में नही छोड़ने का शपथ भी लिया।

शहर में आवारा घुमने वाले मवेशियों के विरूद्व शासन के निर्देशानुसार रोका छेका संकल्प अभियान सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में चलाया जा रहा है। पशुओं को निगम का राजस्व अमला पकड़कर गौठान में छोड़ रहे है, जिसे पशु मालिक छुड़ाकर ले आते है और उन्हे फिर से शहर में विचरण के लिए छोड़ देते है। अब निगम क्षेत्र के सभी मवेशियों का एनिमल टैगिंग किया जायेगा। भिलाई निगम क्षेत्र के



पशुपालकों के साथ हुई बैठक में यह निर्धारित किया गया कि सभी मवेशियों को एनिमल टैगिंग आवश्यक रूप से किया जाना है, जिससे कि बार बार पकड़ने जाने वाले मवेशी मालिक के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जा सके। मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओ को रोकने निगम की टीम नेशनल हाईवे सहित निगम क्षेत्र के सभी मुख्य सड़कों से मवेशियों को पकड़ रहे है ताकि यातायात में कोई बाधा न आये। पशुपालकों के साथ निगम सभागार में आयोजित बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा कि सड़क पर मवेशियों के झुण्ड में चलने और बैठे रहने की वजह से वाहन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, निगम ऐसे मवेशियों को हटाने लगातार कार्यवाही कर रहा है इसमें आप सभी पशुपालकों की सहभागिता भी जरूरी है यह अभियान तभी सफल होगा। उन्होंने पशुपालकों से कहा कि अपने मवेशी को खुला न छोड़े ताकि होने वाले दुर्घटना से वाहन चालक बचे रहें और पशुधन की भी हानि न हो, उन्होने कहा कि मवेशी को किसी भी प्रकार से नेशनल हाइवे और मुख्य मार्ग में नहीं ले जाये। कई मवेशी बहुत हिंसक होते है उन्हें पकड़ना भी मुश्किल होता है। मवेशियों को चराने के लिए ले जाते समय उसके साथ एक चरवाहा अवश्य रहे। बैठक में एनयूएलएम की नोडल प्रीति सिंह और रोका छेका अभियान के नोडल अनिल सिंह, सभी जोन के सहायक राजस्व अधिकारी, मिशन मैनेजर अमन पटले उपस्थित रहे।






## खास खबर...

### वाकेथॉन 2023ः मरीन ड्राइव पर 26 अगस्त को मतदाता जागरूकता के लिए होगा आयोजन

**रायपुर।** राज्य में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने 26 अगस्त को मरीन ड्राइव तेलीबांधा से वाकेथॉन का आयोजन किया जा रहा है। वाकेथॉन के द्वारा शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने और 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने प्रेरित किया जाएगा। दौड़ेगा रायपुर, वोट करेगा रायपुर का उद्देश्य लेकर आयोजित हो रही इस वाकेथॉन में शहर के युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, तृतीय लिंग समुदाय के लोग, समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित शासकीय अधिकारी कर्मचारी और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। यह वाकेथॉन 26 अगस्त को सबेरे 7 बजे से तेलीबांधा तालाब स्थित मरीन ड्राइव से शुरू होगी। मरीन ड्राइव से शुरू होर आनंद नगर चैक होते हुए केनाल लिंक रोड से छत्तीसगढ़ क्लब और गांधी चैक होकर वाकेथॉन वापस मरीन ड्राइव पर समाप्त होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने इस वाकेथॉन में अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 697.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 697.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से 22 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1234.2 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 325.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 609.2 मिमी, बलरामपुर में 631.8 मिमी, जशपुर में 556.5 मिमी, कोरिया में 667.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 680.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 810.0 मिमी, बलौदाबाजार में 691.3 मिमी, गरियाबंद में 640.3 मिमी, महासमुंद में 736.2 मिमी, धमतरी में 717.4 मिमी, बिलासपुर में 720.0 मिमी, मुंगेली में 860.4 मिमी, रायगढ़ में 778.2 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 615.6 मिमी, जांजगीर-चांपा में 593.1 मिमी, सक्ती में 591.0 मिमी, कोरबा में 679.4 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 684.4 मिमी, दुर्ग में 569.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 549.8 मिमी, राजनांदगांव में 777.5 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 893.6 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 718.9 मिमी, बालोद में 757.7 मिमी, बेमेतरा में 545.1 मिमी, बस्तर में 716.0 मिमी, कोण्डागांव में 612.8 मिमी, कांकेर में 664.4 मिमी, नारायणपुर में 624.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 810.3 मिमी और सुकमा में 1024.7 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# पशुओं को सड़कों पर आने से रोकने औचक निरीक्षण करें कलेक्टरः मुख्य सचिव

मुख्य सचिव ने कमिश्नर एवं कलेक्टर की वीडियो कॉन्फ्रेंस से ली बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने जिलों के कलेक्टरों से कहा है कि सड़कों पर पशुओं के आने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कलेक्टर स्वयं सड़कों पर जाकर आकस्मिक निरीक्षण करें। मुख्य सचिव ने मंत्रालय महानदी भवन से राज्य के रायपुर, बस्तर और दुर्ग संभागायुक्तों और दंतेवाड़ा, बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर, मोहला-मानपुर-चौकी, बालोद, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी, रायपुर और बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कलेक्टरों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक ली।



बैठक में पशुओं के कारण दुर्घटना जन्य सड़कों का चिन्हांकन और इन सड़कों से पशुओं को हटाएं जाने की व्यवस्था के संबंध में जिलेवार विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए है कि पशुओं को सड़कों पर आने से रोकने के लिए चिन्हांकित ग्रामों और नगरीय क्षेत्रों में पशु पालकों के व्यवहार चेंज करने का प्रयास करें एवं इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना बनायें। बैठक में मुख्य सचिव ने चिन्हांकित सड़कों पर पशुओं के आने से संबंधित शिकायतें प्राप्त करने एवं उनके निराकरण की व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टरों ने बताया कि पशुओं के कारण दुर्घटना जन्य सड़कों का चिन्हांकन कर लिया गया है। सभी ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में सड़कों पर आने वाले पालतू और आवारा पशुओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। पशुओं को टैगिंग और रेडियम बेल्ट लगाएं जा रहे है। पशुओं को सड़कों से हटाकर गौशालाओं, गौठानों और कांजीहाउस में ले जाकर सुरक्षित रखा जा रहा है। पशुओं का टीकाकरण भी किया जा रहा है। ऐसे पशु जिनके कोई मालिक उन्हें लेने नही आ रहे है उनकी नीलामी भी की जा रही है। पशु पालकों को समझाइस दी जा रही है कि वे अपने पशुओं को सड़कों पर नही छोड़े। पशुओं के सड़कों पर आने से दुर्घटनाएं हो जाती है, जिससे सभी को नुकसान होता है। पशु पालकों को यह भी बताया जा रहा है कि यदि उनके पशु सड़कों पर पाएं जाते है उन पर जुर्माना वसूली की जाएगी। जिला अधिकारियों ने बताया कि जिला सड़क सुरक्षा समिति के माध्यम से त्रैमास में हुई पशु जन्य सड़क दुर्घटनाओं का विश्लेषण किया जाकर इसके लिए उत्तरदायित्व निर्धारण कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि जिलों में प्रशासन द्वारा की जा रही सड़कों पर पशुओं को रोकने के लिए की जा रही कार्यवाही से अच्छे परिणाम मिलने लगे है। बैठक में कलेक्टरों ने अपने जिले के गौठानों, गौशालाओं और कांजीहाउस की स्थिति की विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टरों ने पशुओं को सड़क से हटाने की व्यवस्था के लिए तैनात अधिकारी-कर्मचारियों और काउ केचर वाहन के संबंध में भी जानकारी दी। बैठक में पशुओं को रखने हेतु गौशालाओं, गौठानों और कांजीहाउस की मैपिंग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

## विकास उपाध्याय ने राजधानी रायपुर में अघरिया समाज के सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अघरिया समाज रायपुर द्वारा विगत दिवस 20 अगस्त को सामुदायिक भूमिपूजन और सावन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इनमें राजधानी रायपुर में आयोजित अघरिया समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय शामिल हुए और उन्होंने इसका भूमिपूजन किया। इस दौरान संसदीय सचिव श्री उपाध्याय ने सरोना में बनने वाले अघरिया समाज के सामुदायिक भवन में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 10 लाख रूपये की स्वीकृति की घोषणा भी की।

संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अघरिया पटेल समाज के विकास के साथ-साथ पूरे राज्य के विकास में अघरिया समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। सामुदायिक भवन में समाज के लोग एक साथ जुड़ते हैं और रचनात्मक कार्य को आगे बढ़ाते है। राज्य सरकार भी प्रदेश के सभी वर्गों के विकास के लिए तत्पर है।

गौरतलब है कि अघरिया समाज सेवा समिति रायपुर को शासन की ओर से आबंटित 8 हजार वर्ग फीट जमीन में भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पूर्व में 25 लाख रूपए की सहयोग राशि प्रदान कर दी गई है। कार्यक्रम में सुधा उमेश पटेल सहित अघरिया समाज सेवा समिति रायपुर की अध्यक्ष लता चौधरी तथा अघरिया समाज के महिलाएं और प्रबुध्दजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री दाई-दीदी क्लीनिकः 1.87 लाख महिलाओं का हुआ निःशुल्क इलाज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री दाई-दीदी मोबाइल क्लीनिकों के माध्यम से अब तक करीब 2505 कैम्प लगाएं जा चुके हैं। दाई-दीदी क्लीनिक के माध्यम से रायपुर, बिलासपुर एवं भिलाई नगर निगम क्षेत्र की झुग्गी बहुल बस्तियों में रहने वाली एक लाख 87 हजार 783 महिलाओं एवं बालिकाओं का उनके घर के पास ही दाई-दीदी क्लीनिक कैंप के माध्यम से इलाज किया गया है।



गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दाई-दीदी क्लिनिक योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट के वाहन में महिला चिकित्सकों और महिला स्टॉफ की टीम पहुंचती है तथा जरूरतमंद महिलाओं एवं बालिकाओं की विभिन्न बीमारियों का निःशुल्क जांच एवं इलाज करती है।

इन मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा 40 हजार से ज्यादा महिलाओं का लैब टेस्ट किया गया तथा एक लाख 77 हजार 143 महिलाओं को निःशुल्क दवाईयां दी गई। पहले गरीब स्लम क्षेत्र में रहने वाली तथा मेहनत मजदूरी करने वाली ऐसी महिलाएं जो समयाभाव या अन्य कई कारणों से अपना इलाज नहीं करा पा रही थी परन्तु अब दाई-दीदी क्लीनिक से उन्हें इलाज की सुविधा घर के पास ही महिला चिकित्सकों और चिकित्सा स्टाफ के माध्यम से मिल रही है और वे अपना इलाज बिना संकोच के महिला स्टॉफ के माध्यम से करा पा रही है।

# जल जीवन मिशनः राज्य में 28.57 लाख से अधिक परिवारों को मिला घरेलू नल कनेक्शन

### घरेलू नल कनेक्शन देने में रायपुर जिला सबसे आगे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य के ग्रामीण अंचलों में निःशुल्क घरेलू नल कनेक्शन देने का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत 49 लाख 92 हजार 010 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिए जाने के विरूद्ध वर्तमान में 28 लाख 57 हजार 143 घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसके साथ-साथ राज्य के 39 हजार 113 स्कूलों, 37 हजार 501 आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा 15 हजार 614 ग्राम पंचायत भवनों और सामुदायिक उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में टेप नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। छत्तीसगढ़ का रायपुर जिला सर्वाधिक 01 लाख 43 हजार 606 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन देने में सबसे आगे है। इसी तरह जांजगीर-चांपा जिला 01 लाख 43 हजार 526, महासमुंद जिले में 01 लाख 41 हजार 030 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन देने में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है।


मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्रकुमार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य में प्रति व्यक्ति, प्रतिदिन 55 लीटर के मान से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, इसके लिए सभी जिलों में कार्ययोजना तैयार कर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इस मिशन के तहत घरेलू नल कनेक्शन के अतिरिक्त स्कूल, उप-स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी रनिंग वाटर की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही साथ राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के अंतर्गत बनाए गए गौठानों में भी पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सहित अन्य त्रुटि सुधार हेतु अंतिम तिथि 31 अगस्त, जिले में अब तक 20 हजार मतदाताओं ने भरा आवेदन

### 22 सितम्बर तक दावा-आपत्तियों का निराकरण, 4 अक्टूबर को होगा अंतिम प्रकाशन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिले के साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ में मतदाता सूचियों के अंतिम पुनरीक्षण की तिथि 31 अगस्त तक बढ़ाई गई है। अब मतदाता सूचियों का के पुनरीक्षण के लिए नाम जोड़ने, काटने या विलोपित करने के लिए मतदाता 31 अगस्त तक आवेदन निर्धारित प्रारूप में दे सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने बताया कि राज्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा इस संबंध में पहले ही निर्देश जारी कर दिये गये हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम 2 अगस्त से शुरू हो चुका है। डॉ. भुरे ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि एक अक्टूबर 2023 की स्थिति में फोटोयुक्त मतदाता सूची में नाम जोड़ने, कटवाने, नाम शुद्धिकरण, पता बदलवाने हेतु मतदान केंद्रों में शिविर के माध्यम से आवेदन लिए जा रहें है। अब तक रायपुर जिले की 7 विधानसभाओं में लगभग 20 हजार आवेदन मिले है। मतदाता निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन अथवा दावा आपत्ति संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ के पास जमा कर आवश्यकतानुसार त्रुटि सुधार करा सकते हैं। मतदाता अपने संबंधित मतदान केन्द्र में 31 अगस्त तक प्रारूप-6, प्रारूप-7, प्रारूप-8, प्रारूप-8 क मतदाता सूची में नाम जोड़ने, कटवाने, नाम शुद्धिकरण, पता बदलवाने हेतु भरकर अपना नाम जुड़वा सकता है। ऐसे मतदाता जिनका नाम, जन्मतिथि मतदाता सूची में त्रुटिपूर्ण अंकित है वे फार्म-8 भरकर व ऐसे मतदाता जिनका पता गलत अंकित है, वे फार्म-8 क भरकर अपने संबंधित मतदान केन्द्र में जमा कर अपना नाम, पता, जन्मतिथि शुद्धिकरण करवा सकते हैं। किसी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए मतदाता निर्वाचन आयोग की वेब साइट www.voters.eci.gov.in पर भी विजिट कर सकते है। वोटर हेल्प लाईन एप्प और वोटर हेल्प लाईन नम्बर 1950 पर कॉल करके भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। 31 अगस्त तक प्राप्त आवेदनों और दावा-आपत्तियों का निराकरण 22 सितम्बर तक किया जाएगा। इसके बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर 2023 को होगा।



# उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रय परिसरों का औचक निरीक्षण किया गया

### खाद्य भण्डारों और 6 कृषि केंद्रों को दिया गया नोटिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देशानुसार जिले के समस्त उर्वरक/कीटनाशी निरीक्षकों के द्वारा कीटनाशी/उर्वरक विक्रय परिसरों का निरीक्षण किया जा रहा है। उर्वरक निरीक्षकों द्वारा खरीफ फसलों के लिए खाद की कमी ना हो इसको ध्यान में रखते हुए उर्वरक का व्यवसाय कर रहे थोक खुदरा विक्रेता एवं सेवा सहकारी समितियों में पीओएस मशीन स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक का सत्यापन किया जा रहा है। साथ ही अमानक उर्वरक एवं कीटनाशक औषधियों का विक्रय पर रोक लगाने के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है।




कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि आरंग के मुरारी बीज भण्डार, इंदु कृषि केन्द्र, मेघा कृषि केन्द्र, अभनपुर के यदु ट्रेडर्स, मां महामाया कृषि केन्द्र, गुलाटी कृषि केन्द्र का निरीक्षण किया गया। जिसमें कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं 1971 तथा उर्वरक गुण नियंत्रण 1985 के खण्ड 5 और 35 (1) के तहत कारण बताओ नोटिस दिया गया। हर्ष कृषि केन्द्र सिलयारी धरसीवा कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं 1971 के तहत कारण बताओ नोटिस दिया गया ।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243


















# माथे से मुंहासें दूर करने के लिए आजमाएं ये 5 घरेलू नुस्खे, जल्द दिखेगा असर



## एलोवेरा का करें उपयोग

एलोवेरा में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो माथे पर मुंहासे और फुंसियों को कम करने में मदद कर सकते हैं।लाभ के लिए एलोवेरा जेल को प्रभावित हिस्से पर हल्के हाथों से लगाएं। इसे 20-30 मिनट तक लगा रहने दें। इसके बाद माथे को ठंडे पानी से धो लें।जब तक समस्या से छुटकारा न मिल जाए तब तक इस उपाय को रोजाना सुबह-शाम दोहराते रहें। यहां जानिए त्वचा को एलोवेरा से मिलने वाले लाभ।

## टी ट्री ऑयल लगाएं

टी ट्री ऑयल में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो हल्के से मध्यम माथे के मुंहासों को कम कर सकते हैं। इस तेल की एंटी-बैक्टीरियल प्रकृति मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया से भी लड़ सकती है। लाभ के लिए टी ट्री ऑयल की 1-2 बूंदों को नारियल के तेल के साथ मिलाएं। अब इस मिश्रण में रुई डुबोकर इसे प्रभावित क्षेत्रों पर लगाएं। इसे रातभर लगा रहने दें। ऐसा आप रोजाना एक बार कर सकते हैं।

माथे पर मुंहासे त्वचा की सबसे जिद्दी समस्याओं में से एक है, जिनका पूरे लुक पर बुरा असर पड़ता है।अत्यधिक सक्रिय वसामय ग्रंथियां माथे पर मुंहासे होने का कारण बनती हैं। ये ग्रंथियां सीबम नामक एक पदार्थ बनाती हैं, जो रोमछिद्रों में कीटाणुओं या मृत त्वचा कोशिकाओं को फंसा सकती हैं। आइए आज हम आपको 5 ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जो माथे से मुंहासें दूर करने में प्रभावी माने जाते हैं।

## नींबू का तेल भी आएगा काम

नींबू के तेल में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो त्वचा से मृत त्वचा कोशिकाओं को दूर करके मुंहासों को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। इसमें मैग्नीशियम एस्कॉर्बिल फॉस्फेट भी होता है, जिसका त्वचा पर हाइड्रेटिंग प्रभाव पड़ता है।लाभ के लिए नारियल के तेल में नींबू के तेल की 2-3 बूंदें मिलाकर इसे माथे पर लगाएं और मिश्रण को सूखने के लिए छोड़ दें।यहां जानिए नींबू के तेल से जुड़े हैक्स।

## नीम भी है प्रभावी

नीम में शक्तिशाली एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। ये गुण त्वचा के मुंहासों को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए 10-15 नीम की पत्तियों को आवश्यकतानुसार पानी के साथ पीसकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। अब इस मिश्रण को प्रभावित जगह पर लगाकर 20-30 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद माथे को पानी से धो लें।मुंहासों से छुटकारा दिलाने में ये 5 नीम फेस पैक भी मदद कर सकते हैं।

## शहद से भी दूर होगी समस्या

शहद में मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं, जो त्वचा को पोषण देने और ठीक करने में मदद कर सकते हैं।इसके अलावा इसमें मौजूद एंटी-माइक्रोबियल प्रभाव मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया के विकास को रोकने में मदद कर सकता है।लाभ के लिए 1-2 चम्मच ऑर्गेनिक शहद को माथे पर लगाएं। इसे 20-30 मिनट तक लगा रहने दें और फिर सादे पानी से माथे को साफ कर लें।

# जूही चावला की फ्राइडे नाइट प्लान 1 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री जूही चावला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म फ्राइडे नाइट प्लान को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे और अभिनेता बाबिल खान भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने फ्राइडे नाइट प्लान का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। फिल्म फ्राइडे नाइट प्लान ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसका प्रीमियर 1 सितंबर को किया जाएगा। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर फ्राइडे नाइट प्लान का ट्रेलर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, स्कूल की छुट्टी है, मां की भी छुट्टी है और दोनों भाई की भी। क्या यह उनकी अब तक की सबसे अच्छी शुक्रवार रात्रि योजना होगी? फ्राइडे नाइट प्लान में निनाद कामत और अमृत जयन भी अभिनय करते दिखाई देंगे। इसका निर्देशन फरहान अख्तर द्वारा किया जाएगा। बता दें, जूही को पिछली बार शर्माजी नमकीन में देखा गया था। फ्राइडे नाइट प्लान में अपने किरदार पर बात करते हुए बाबिल खान ने एक इंटरव्यू में कहा था, मेरा किरदार असफलता से डरता है, और यही कारण है कि वह हमेशा खुद को सुरक्षित रखता है, और जीवन की बहुत अधिक योजना बनाता है। उसकी असफलता का कारण यह है कि उसने अपने पिता को खो दिया है, और यही एकमात्र कारण है जिस चीज से मैं जुड़ सकता हूं। फिल्म का प्रीमियर 1 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होगा।

# इन लोगों को भूल से भी नहीं खाने चाहिए बैंगन घर में लाने से पहले एक बार जरूर पढ़ लीजिए

कई ऐसे लोग हैं जिन्हें बैंगन खाना काफी ज्यादा पसंद होता है। बैंगन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि हर मौसम में यह आपको आराम से मिल जाता है। लेकिन क्या आपको पता है सर्दी में बैंगन खाने के अपने ही फायदे हैं। बैंगन खाने से दिल की बीमारी, ब्लड शुगर हमेशा कंट्रोल में रहता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि बैंगन खाने से वजन भी कम हो जाता है। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि कुछ लोगों बैंगन खाने से परहेज करना चाहिए।



## ये लोग न खाएं बैंगन

### गैस और पेट की गड़बड़ी वाले लोग भूल से भी न खाएं बैंगन

जिस व्यक्ति को अक्सर पेट की गड़बड़ी रहती है उन्हें बैंगन कभी नहीं खाना चाहिए। जिन व्यक्ति को गैस की समस्या होती है उन्हें भी बैंगन नहीं खाना चाहिए।

### एलर्जी होने पर

अग किसी व्यक्ति को किसी भी तरह की स्किन एलर्जी होती है उन्हें भी बैंगन से दूरी बना लेनी चाहिए। क्योंकि बैंगन खाने से आपकी एलर्जी ट्रिगर हो सकती है।

### डिप्रेशन

अगर कोई व्यक्ति डिप्रेशन की दवा लें रहा या किसी भी तरह के डिप्रेशन से जूझ रहे है तो आपको बैगन खाने से से बचना चाहिए, क्योंकि इसे खाने से आपकी दवा का असर कम हो सकता है।

### खून की कमी

शरीर में खून की कमी है तो बैंगन भूल से भी नहीं खाना चाहिए। क्योंकि यह आपके खून बनने में दिक्कत करता है।

### आंखों में जलन

जिन लोगों में आंखों में दिक्कत रहती है जैसे जलन या सूजन उन्हें बैंगन नहीं खाना चाहिए। क्योंकि यह दिन पर दिन और बढ़ सकता है।

### बवासीर

बवासीर से पीड़ित हैं तो बैंगन से दूरी बना लें। वरना आपकी दिक्कत समय के साथ अधिक बढ़ सकती है।

### स्टोन

जिन लोगों को स्टोन की दिक्कत होती है उन्हें बैंगन भूल से भी नहीं खाना चाहिए। क्योंकि बैंगन में पाया जाने वाला ऑक्सलेट पथरी की प्रॉब्लम और बढ़ा सकती है।



# कश्मीरा परदेशी हमेशा मानती थीं कि द फ्रीलांसर में आलिया की भूमिका उनकी थी

अभिनेत्री कश्मीरा परदेशी को रोमांचक थ्रिलर द फ्रीलांसर में आलिया की भूमिका तब मिली जब उन्हें लगा कि उनकी संभावनाएं कम हैं। मोहित रैना द्वारा निर्देशित एक्सट्रैक्शन सीरीज़ में उन्होंने इस बारे में खुलासा किया है कि वह आलिया कैसे बनीं। उसी के बारे में बात करते हुए, कश्मीरा ने कहा: यह पिछले साल सितंबर की बात है, मैं केरल के अलेप्पी में एक हाउसबोट पर शूटिंग कर रही थी, जब शुभम सर ने पहली बार मुझे मैसेज किया और मुझे नीरज पांडे द्वारा निर्देशित शो हॉटस्टार स्पेशल के बारे में बताया और यह उनके लिए प्रमुख था। जब मैंने शुरुआत की, तो मैंने उन निर्देशकों की एक सूची बनाई जिनके साथ मैं काम करना चाहता था और वह मेरे चार्ट में शीर्ष पर थे।

तो, जब मुझे अगले दिन तक ऑडिशन टेप भेजने के लिए कहा गया तो मैं स्पष्ट रूप से भाग गया। मुझे अगले दिन ही पता चला कि मुझे शॉर्टलिस्ट कर लिया गया है, लेकिन फिर लंबा इंतजार करना पड़ा, मुझे लगा कि ऐसा नहीं हो रहा है। आमतौर पर , मैं वास्तव में उन ऑडिशन पर ध्यान नहीं देती जो मैं देती हूं या भले ही मुझे कोई किरदार बहुत पसंद हो। लेकिन आलिया की भूमिका मुझे ऐसी लगी जैसे यह मेरी थी। मैं इसके बारे में दुखी थी लेकिन फिर मैंने इसे जाने दिया। लेकिन आखिरकार, अप्रैल में जब मैं इसकी बिल्कुल भी उम्मीद नहीं कर रही थी तो मुझे फोन आया कि मैं इस भूमिका के लिए तैयार हूं। द फ्रीलांसर एक निष्कर्षण मिशन के बारे में है जहां एक लड़की को सीरिया के युद्धग्रस्त शत्रुतापूर्ण माहौल में बंदी बना लिया जाता है और वह मौत की दुनिया से भाग जाती है।

इसमें अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर के साथ-साथ सुशांत सिंह, जॉन कोककेन, गौरी बालाजी और नवनीत मलिक, मंजिरी फडनिस, सारा जेन डायस और अन्य कलाकार हैं। खूबसूरत अभिनेत्री कश्मीरा परदेशी द फ्रीलांसर में आलिया की भूमिका निभाती नजर आ रही हैं। यह 1 सितंबर को डिज्नी+हॉटस्टार पर प्रसारित होगा।

# जंपसूट पहन अमायरा दस्तूर ने दिखाया ग्लैमरस अंदाज



बॉलीवुड एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर आए दिन किसी ना किसी वजह से सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर से निगाहें नहीं हटा पाते हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने लेटेस्ट ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर लोगों को अपने हुस्न का कायल कर दिया है। एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर अपनी एक्टिंग से ज्यादा फेमस अपने लुक्स के कराण हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। हालांकि वो अपनी हर एक बोल्ड और हॉट फोटोज से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा देती हैं। अमायरा दस्तूर ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहन इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने रिवीलिंग जंपसूट पहना हुआ है, जिसमें उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। ओपन हेयर और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने अपने आउटलुक को अच्छे से निखारा है। कानों में इयररिंग्स, चेहरे पर प्यारी सी स्माइल और सिजलिंग लुक्स देकर एक्ट्रेस अपने इस अवतार में चार चांद लगा रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।

# चिरंजीवी ने जन्मदिन पर किया अपनी नई फिल्म मेगा 157 का ऐलान, पहला पोस्टर भी जारी

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता चिरंजीवी ने अपने 68वां जन्मदिन के खास अवसर पर प्रशंसकों खुशखबरी दी। दरअसल, यूवी क्रिएशन्स ने चिरंजीवी की अगली फिल्म मेगा 157 की घोषणा कर दी है। इसका निर्देशन वशिष्ठ द्वारा किया जाएगा, जिन्होंने बिंबिसार के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत की थी।इसके साथ निर्माताओं ने मेगा 157 का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जो काफी दिलचस्प लग रहा है। यूवी क्रिएशन्स ने ट्विटर पर मेगा 157 का पहला पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, इस बार यह ब्रह्मांड से परे है। पांचों तत्व मेगास्टार के लिए एकसाथ इकट्ठा होंगे। इसके बाद उन्होंने अभिनेता को जन्मदिन की बधाई भी दी है। मेगा 157 यूवी क्रिएशन के बैनर तले और वी वामसी कृष्णा रेड्डी, प्रमोद उप्पलपति और विक्रम रेड्डी द्वारा बड़े पैमाने पर बनाई जाएगी। मेगा 157 चिरंजीवी के करियर की सबसे महंगी फिल्म होने वाली है। जारी किया गया पोस्टर मंद रोशनी वाली गुफा की पृष्ठभूमि में एक रहस्यमय बिच्छू के साथ आगे की एक मनोरम यात्रा का संकेत देता है।




टैगलाइन में लिखा है, ब्रह्मांड सुंदर चीजों के घटित होने की साजिश रचता है। एक व्यक्ति हमें ब्रह्मांड को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। अब यूवी क्रिएशंस द्वारा जारी मुख्य पोस्टर में पांच तत्वों का अभिसरण पौराणिक एलिमेंटल फोर्स को जन्म देता है, जिसे मेगास्टार के नाम से जाना जाता है। बिम्बिसार के निर्देशक मल्लीडी वासिस्ता द्वारा निर्देशित मेगा157 में एमएम कीरावनी की संगीत प्रतिभा को प्रदर्शित किया जाएगा।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पद्मश्री से सम्मानित डॉ. किरण सेठ ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यहां उनके निवास कार्यालय में ''सायकल विथ स्पिक मैके'' के तहत रायपुर पहुंचे पद्मश्री से सम्मानित डॉ. किरण सेठ ने सौजन्य मुलाकात की। बस्तर बैंड को पूरी दुनिया में पहचान दिलाने वाले पद्मश्री अनुरंजन पांडे भी इस दौरान मौजूद थे। डॉ. सेठ ''स्पिक मैके'' के संस्थापक हैं। डॉ. सेठ ने गरीब बच्चों के लिए अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दिलाने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय की स्थापना करने और कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने एवं कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल की सराहना की। डॉ. सेठ ने 15 अगस्त 2022 से महात्मा गांधी के संदेशों का फैलाने, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश लेकर ''सायकल विथ स्पिक मैके'' के तहत 15 अगस्त 2022 को कश्मीर के लेह-लद्दाख से सायकल यात्रा की शुरूआत की। भारत भ्रमण पर निकली यह यात्रा अभी रायपुर पहुंची हैं। स्पिक मैके नामक यह संस्था शास्त्रीय नृत्य, संगीत एवं कला के क्षेत्र में काम करने के साथ एक सार्थक जीवन जीने के लिए लोगों का जागरूक करती है। इस अवसर पर ''स्पिक मैके'' की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन डूंगा एवं छत्तीसगढ़ प्रमुख अजय श्रीवास्तव मौजूद थे।

### विधानसभा निर्वाचन 2023 : मतदाता सूची में नाम जुड़वाने वाली नववधुओं का किया गया सम्मान

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह के मार्गदर्शन में जिले के सभी ग्रामों में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है और इसके साथ-साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत मतदाताओं के नाम जोडने् एवं अन्य संशोधन का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके तहत रैली निकाली जा रही है। रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिले के डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अर्जुनी के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आज हाल ही में मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने वाली नववधुओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा ऐसे मतदाताओं को भी सम्मानित किया गया, जिनके नाम पहली बार मतदाता सूची में दर्ज किया गया है और वे आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान करेंगे। स्वीप अंतर्गत आज विशेष अभियान में जिले भर में कुल 4 हजार 762 नववधुओं को सम्मानित किया गया। स्वीप के तहत नववधुओं को सम्मानित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने कहा कि आज का यह सम्मान ऐसे मतदाताओं का सम्मान है, जिनका नाम संशोधित मतदाता सूची में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि मतदाता अपना नाम जुड़वाने, संशोधन कराने सहित अन्य प्रकार के संशोधनों के लिए फार्म 6, 7, 8 एवं 8 अ का उपयोग करें।

### फोटो पत्रकार की चुनौतियों से रूबरू हुए मैट्स के विद्यार्थी

**रायपुर।** फोटो पत्रकारों की प्रतिष्ठित संस्था फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन, प्रेस क्लब रायपुर द्वारा आयोजित फोटोग्राफी प्रदर्शनी का मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को एसोसिएशन के पदाधिकारियों व वरिष्ठ फोटो पत्रकारों ने फोटोग्राफी की बारीकियों से अवगत कराते हुए फोटो पत्रकार की चुनौतियों और इस क्षेत्र में संभावनाओं से अवगत कराया। मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी ने बताया कि फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन, प्रेस क्लब, रायपुर द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष फोटो प्रदर्शनी का श्रेष्ठ आयोजन किया जाता रहा है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से विभाग के विद्यार्थी फोटोग्राफी की बारीकियों से अवगत होते हैं तथा अनेक ज्ञानवर्धक जानकारियाँ प्राप्त करते हैं। फोटो प्रदर्शनी में कला, संस्कृति, धर्म, अध्यात्म, आम जन-जीवन के दिनचर्या सहित विभिन्न समसामयिक विषयों के आकर्षक छायाचित्रों का प्रदर्शन किया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ फोटो पत्रकारों गोकुल सोनी, दीपक पाण्डेय, जावेद खान, किशन लोखण्डे, रमन हलवाई, मनोज देवांगन,दीपेंद्र सोनी सहित अनेक फोटो पत्रकारों ने फोटो पत्रकारिता की चुनौतियों और फोटोग्राफी की कला से अवगत कराया।

युवाओं के साथ भेंट-मुलाकात

# अंबिकापुर को मिली इंडोर स्टेडियम और डिजिटल लाइब्रेरी की सौगात

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। रायपुर की तरह ही अंबिकापुर में भी खेल प्रेमियों के लिए 100 करोड़ रुपए की लागत से इंडोर स्टेडियम तैयार किया जाएगा। अंबिकापुर के पीजी कॉलेज हाकी स्टेडियम में सरगुजा संभाग में युवाओं के साथ भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह घोषणा की। मूक बधिर बच्चों के लिए राज्य स्तर पर एक रेजिडेंशियल कालेज आरंभ करने की घोषणा भी उन्होंने की। अब तक ऐसे बच्चों के लिए केवल स्कूल की ही सुविधा है।**



मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि सरगुजा संभाग के सभी जिलों में शासकीय बीएड कालेज आरंभ किये जाएंगे। जिला मुख्यालय सूरजपुर में वुशू खेल अकादमी आरंभ की जाएगी। मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले में ला कालेज की घोषणा भी मुख्यमंत्री ने की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर युवाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। लिपसिंक के माध्यम से मुख्यमंत्री को बताई मूकबधिरों की दिक्कत, मुख्यमंत्री ने छात्रा के आग्रह पर मूकबधिर लोगों के लिए राज्य स्तरीय रेसेडिंशियल कालेज खोलने की घोषणा की- केआर टेक्निकल कालेज की छात्रा तमन्ना सिंह ने भी मुख्यमंत्री से अपनी बात रखी। तमन्ना स्वयं दिव्यांग हैं। उन्होंने लिप सिंक के माध्यम से मुख्यमंत्री को बताया कि स्कूल में स्पेशल टीचर होते हैं जो विशेष अभिव्यक्ति से बच्चों को पाठ पढ़ाते हैं लेकिन मूक बधिरों के लिए ऐसा कोई कालेज नहीं है। मुख्यमंत्री ने तमन्ना से कहा कि हम ऐसे दिव्यांगजनों के लिए राज्य स्तरीय रेसीडेंशियल कालेज आरंभ करेंगे। इसी तरह मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिले से आई सोनू कुमार ने दृष्टिबाधित छात्रों की चेन्नई में इलाज की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी की जांच कराएंगे तथा अच्छा इलाज कराएंगे।

छात्र-छात्राओं ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी मुख्यमंत्री से किया। उन्होंने पूछा कि वे अपने समय का प्रबंधन कैसे करते हैं। साथ ही यह भी पूछा कि आप मनोरंजन किस तरह से करते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि मनोरंजन के लिए समय नहीं मिल पाता। फिर भी जब कुछ समय मिलता है तो परिवार के साथ समय बिताना पसंद करता हूँ। दोस्तों के साथ हँसी-मजाक अच्छा लगता है। मुझे पुस्तकें पढ़ना अच्छा लगता है इनमें महापुरुषों की जीवनी पढ़ना मुझे विशेष रूप से पसंद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे संगीत भी पसंद करते हैं।

मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए हॉकी स्टेडियम युवाओं से खचाखच भरा था। युवाओं ने छत्तीसगढ़ी और सरगुजिहा गीतों से अपनी प्रस्तुति दी। हाय डारा लोर गे हे जैसे गीतों की प्रस्तुति में युवा खूब झुमे। सरगुजा के मान बढ़ाबो मांदर के ताल म। जैसे गीतों की प्रस्तुति ने भी युवाओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों के शुभंकर बछरू ने भी युवाओं का उत्साह बढ़ाया। बलरामपुर के वाड्रफनगर स्थित रानी दुर्गावती महाविद्यालय की अनुराधा कुशवाहा ने कहा कि मैं भविष्य में शिक्षिका बनना चाहती हूँ लेकिन हमारे जिले में बीएड कालेज नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरगुजा सम्भाग के सभी जिलों में बी एड कॉलेज खोला जाएगा। बलरामपुर जिले के शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर के छात्र मेघनाथ ने मुख्यमंत्री को जिले में महाविद्यालय शुरू करने के लिए धन्यवाद दिया। मेघनाथ ने मुख्यमंत्री से महाविद्यालय में अतिरिक्त भवन एवं भौतिक शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, राजनीतिक शास्त्र, विज्ञान विषय हेतु स्नातकोत्तर की कक्षाएं प्रारंभ करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय भवन में 5 नए कमरे के निर्माण कराने की बात कही साथ ही अगले सत्र से महाविद्यालय में भौतिक शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, जैसे नए संकाय शुरू करने की बात कही।

## एनएलसीआईएल ने परवनार नदी मार्ग को स्थायी रूप से बदलने का कार्य पूरा किया



**नई दिल्ली(पीआईबी)। परवनार नदी का मार्ग स्था यी रूप से बदलने का लंबित और महत्वतपूर्ण कार्य कल यानी 21 अगस्तर 2023 को पूरा हो गया। कुल 12 किलोमीटर में से 10.5 किलोमीटर का बड़ा हिस्सा पहले ही पूरा हो चुका था और 26 जुलाई 2023 से एनएलसीआईएल ने 1.5 किलोमीटर के लंबित हिस्से का कार्य हाथ में लिया था।**

परवनार नदी मार्ग की अस्थायी मार्ग रेखा खदान-2 कट फेस से केवल 60 मीटर दूर है। इस परवनार नदी को उत्तर-पश्चिम और दक्षिणी क्षेत्रों के 100 वर्ग किलोमीटर से अधिक के जलग्रहण क्षेत्र से आने वाले तूफानी पानी को संभालना पड़ता है।

चूँकि इस क्षेत्र में कई गाँव शामिल हैं, इसलिए लगातार और भारी बारिश के दौरान आवासों के साथ-साथ कृषि क्षेत्रों को बाढ़ से बचाना अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। खदानों के आसपास के गांवों की सुरक्षा की जवाबदेही और जिम्मेदारी लेते हुए, एनएलसीआईएल ने परवनार नदी का मार्ग स्थायी रूप से बदलने और स्थायी जल मार्ग प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

परवनार का मार्ग स्थायी रूप से बदलने के लिए 12 किलोमीटर की कुल लंबाई के लिए अनुमानित क्षेत्र 18 हेक्टेयर है। पहले से ही, एनएलसीआईएल खदानों द्वारा साल भर छोड़े जाने वाले परवनार नदी के पानी से कई एकड़ भूमि की सिंचाई की जा रही है। वर्तमान परवनार स्थायी नदी मार्ग के चालू होने से, अब अतिरिक्त कृषि भूमि को कई एकड़ सिंचाई के लिए पानी मिलेगा।

साथ ही, परवनार नदी में पानी के निरंतर स्त्रोत से भूजल की उपलब्धता बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

## एनआईटी रायपुर में तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी ऑरा का हुआ शुभारंभ

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के फोटोग्राफी क्लब – द क्लिक क्लब द्वारा 22 अगस्त 2023 से 24 अगस्त 2023 तक ऑरा नामक एक विशेष फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। फोटो प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि निदेशक (प्रभारी), एनआईटी रायपुर डॉ. ए.बी. सोनी, तथा सम्माननीय अतिथि डीन (एकेडेमिक्स), डॉ. श्रीश वर्मा रहे 7 इस दौरान फैकल्टी इन चार्ज , क्लिक क्लब , डॉ. एस. सान्याल , संकाय सदस्य और विद्यार्थी मौजूद रहे।**

कार्यक्रम की शुरुआत रिबन काटने के साथ हुई, जिसके बाद पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन हुआ। दीप प्रज्ज्वलन समारोह के बाद, गणमान्य व्यक्तियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया जिससे उन्हें फोटोग्राफरों से जुड़ने और प्रत्येक छवि के पीछे की कलात्मक दृष्टि की सराहना करने का मौका मिला।

प्रदर्शनी ने न केवल उपस्थित लोगों को एक अद्भुत अनुभव प्रदान किया बल्कि इस दौरान फोटोज से संबंधित आकर्षक बातचीत का अवसर भी प्राप्त हुआ। प्रदर्शनी में टीम के सदस्यों द्वारा सफलतापूर्वक खींची गई तस्वीरों का एक समृद्ध वर्गीकरण प्रदर्शन किया गया। इस वर्गीकरण में वास्तुकला, अब्स्ट्रैक्ट, मैक्रो, लाइफस्टाइल और बर्ड फोटोग्राफी सहित विभिन्न शैलियों की फोटोज प्रदर्शित की गई। प्रत्येक तस्वीर के पीछे अपने विचारों और प्रेरणाओं को टीम के सदस्यों ने गणमान्य व्यक्तियों के सामने बड़ी खूबसूरती से प्रस्तुत किया। क्लिक क्लब द्वारा आयोजित की गयी यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी आगामी 26 अगस्त 2023 और 27 अगस्त 2023 को निर्धारित फोटोग्राफी कार्यशाला का मार्ग प्रशस्त करेगी। यह कार्यशाला लोगों को फोटोग्राफी के बारे में अधिक जानने, नई तकनीकों की खोज करने और उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा देने में मदद करेगी। कार्यक्रम में आगंतुकों को प्रदर्शनी के बारे में अपने विचार और सुझाव साझा करने के लिए एक फीडबैक बोर्ड भी स्थापित किया गया है। यह बहुमूल्य फीडबैक क्लब द्वारा की जाने वाली भविष्य की प्रदर्शनियों और आगामी आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को और अधिक आकर्षक बनाने में मददगार साबित होगा ।

## पार्षद आदित्य सिंह ने की वैशाली नगर विधानसभा से दावेदारी

### जिला अध्यक्ष को सौंपा आवेदन



श्रीकंचपनथ न्यूज

**भिलाई।** राधिका नगर वार्ड-07 के पार्षद एवं शिक्षा, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के एमआईसी प्रभारी आदित्य सिंह ने वैशाली नगर विधानसभा से टिकट के लिए दावेदारी पेश की है। उन्होंने मंगलवार को जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के पास पहुंचकर आवेदन किया।

आदित्य सिंह ने 2009 से कांग्रेस पार्टी की छात्र इकाई एनएसयूआई की राजनीति में सक्रिय होकर सदस्य के रूप में काम शुरू किया। 2021 के नगर निगम चुनाव में छात्र राजनीति से सीधे निकाय चुनाव में भाग लिया। कांग्रेस की टिकट पर बीजेपी का गढ़ माने जाने वाले वार्ड राधिका नगर से चुनाव लड़ा और बहुत अधिक अंतर से चुनाव जीत कर रिकॉर्ड बनाया। जिससे पहली बार चुनाव लड़ने के बावजूद महापौर परिषद में जगह मिली। उसके बाद वार्ड-07 राधिका नगर के अलावा लगातार वैशाली नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पार्टी के कार्यकर्ता के तौर पर कार्यरत तथा प्रदेश के कांग्रेस सरकार के जन हितकारी योजनाओं को आम जनों तक पहुंचाने एवं साथ शहर केआर विकास कार्यों के लिए नगरीय निकाय मंत्री,प्रभारी मंत्री,विधायक एवं महापौर से मिलकर कई प्रकार के विकास कार्य, जान कल्याण कार्य और समाज कल्याण के कार्यों में योगदान दिया। आदित्य सिंह वर्तमान में राधिका नगर विकास कल्याण समिति व किक बॉक्सिंग ज़िला दुर्ग के संरक्षक के रूप में भी सक्रिय हैं।

#### राजनीतिक सफरनामा

**आदित्य** सिंह ने छात्र नेता के रूप में एनएसयुआई से 2011 में कॉलेज अध्यक्ष का चुनाव लड कर संगठन का चुनाव जीता। 2014 में दुर्ग ज़िले से एनएसयूआई का ज़िलाध्यक्ष का चुनाव लड़कर विजयी हुआ। उसके पश्चात् 2014-2021 तक सबसे अधिक समय तक ज़िलाध्यक्ष बने रहकर काम किया।

**2015** में देश भर के सभी ज़िलाध्यक्षों में सर्वश्रेष्ठ ज़िलाध्यक्ष का अवार्ड राहुल गांधी के हाथों प्राप्त हुआ साथ ही नगर निगम के चुनावों में कई महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारियों पर काम किया।

**2016** से 2018 तक छात्रसंघ चुनावों में तत्कालीन प्रदेश सरकार के ख़िलाफ़ अपनी छात्र पार्टी एनएसयूआई को प्रदेश के अधिकांश कॉलेज एवं सभी विश्वविद्यालयों में जीत दर्ज करवाई ।7

**2018** में कांग्रेस पार्टी के निर्देशानुसार विधानसभा चुनावों में एनएसयूआई के साथियों के साथ बहुत ही सक्रियता के साथ काम किया परिणाम स्वरूप जिले के 5 सीटों पर कांग्रेस पार्टी ने भारी जीत दर्ज की।

**2019**-2020 में कोरोना काल जैसे विषम परिस्थिति में समाजहित हेतु प्रवासी मजदूरों के लिये सभी तरह की व्यवस्थाएँ तथा ज़िले के कोरोना मरीज़ों के लिए टीम बनाकर मेडिकल कैम्प,डोर-टू-डोर मास्क सेनेटाइज़र तथा दवाइयों का वितरण करवाया।

**जय** हनुमान सेवा वाहिनी एवं कर्तव्य जान सेवा समिति एवं रुद्र महादेव सेवा समिति तथा सर्व धर्म एकता कमेटी के संरक्षक के माध्यम से विभिन्न प्रकार के धार्मिक आयोजनों के माध्यम से धर्म का प्रचार प्रसार किया गया।

**छत्तीसगढ़** मेटल इंजीनियरिंग वर्क्स यूनियन का प्रदेश अध्यक्ष बनकर मजदूरों में हितों के लिए कई प्रकार के सफल आंदोलन कर उनका अधिकार दिलाया।

**लंबे** समय तक छात्र संगठन एनएसयूआई दुर्ग के ज़िलाध्यक्ष रहने के बाद प्रदेश युवा कांग्रेस के संगठन का चुनाव लड़ा और ऑनलाइन वोटिंग की प्रक्रिया में सबसे अधिक वोट पाकर प्रथम नंबर के प्रदेश महासचिव पद पर निर्वाचित हुआ।

आधुनिक तकनीकों और सुविधाओं से युक्त है महाविद्यालय

# संभाग के प्रथम स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय का हुआ लोकार्पण

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरगुजा संभाग के प्रथम स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री बघेल ने विधिवत पूजा-अर्चना कर फ़ीता काटकर केशवपुर में महाविद्यालय का लोकार्पण किया। उनके साथ उप-मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव उपस्थित थे।**



प्रदेश में अंग्रेजी माध्यम के कुल 10 स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय खोले जा रहे हैं, जिनमें से अम्बिकापुर के केशवपुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय भवन के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण आज किया गया। ज्ञातव्य है कि शासकीय महाविद्यालय की कुल प्रवेश क्षमता 1000 है जिसमें लगभग 610 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के बाद शासकीय विज्ञान महाविद्यालय को अपग्रेड करते हुए सुविधाओं के विस्तार के लिए जीर्णोद्धार तथा निर्माण कार्य हुए। आज छात्रों के लिए आधुनिक समय अनुरूप तकनीकों, स्मार्ट क्लासरूम, अत्याधुनिक लाईब्रेरी, प्रयोगशाला, अतिरिक्त कक्ष जैसे अन्य सुविधाओं के साथ महाविद्यालय तैयार है।

महाविद्यालय में कुल 2.54 करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोद्धार तथा निर्माण कार्य किए गए हैं, जिसमें 1.21 करोड़ रुपए की लागत से बने प्रयोगशाला भवन का लोकार्पण और कुल 1.33 करोड़ की लागत से गार्डन का सौन्दर्यीकरण एवं सी.सी.रोड निर्माण, प्रथम तल पर प्रयोगशाला पुस्तकालय का नवीनीकरण एवं अहाता, भूतल पर प्राचार्य कक्ष ऑफिस का नवीनीकरण एवं प्रवेश द्वार एवं पार्किंग शेड का निर्माण कार्य शामिल है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में आगामी एक सितंबर से वजन त्यौहार शुरू

**महासमुंद।** अगले माह 01 सितंबर से वजन त्यौहार शुरू होगा। पहले ये वजन त्यौहार चालू माह 02 अगस्त से शुरू होकर 13 अगस्त 2023 तक चलने वाला था। किंतु अपरिहार्य कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया था। अब वजन त्यौहार आगामी 01 सितम्बर से शुरू होगा, जो 13 सितंबर 2023 तक चलेगा। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास से ज़िला कलेक्टरों को पत्र जारी कर दिया गया है। कलेक्टर प्रभात मलिक ने ज़िला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास को सभी तैयारी समय रहते करने के निर्देश दिए है। ज़िले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आगामी माह की पहली तारीख़ से 13 दिन तक चलने वाले इस वजन त्यौहार में तक़रीबन एक लाख 0 से 06 वर्ष के बच्चों का वजन कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा।


















## खास-खबर

### भीषण सड़क हादसा, एक की मौत दो गंभीरः बाइक से जा रहे थे तीन दोस्त, ट्रक की चपटे में आए

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के पाटन थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक ट्रक चालक ने एक बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक में सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को जिला अस्पताल भिजवाया। इसमें योगेश यादव ने रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं दो युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है।

पाटन थाना प्रभारी राजकुमार लहरे ने बताया कि हादसा बुधवार सुबह का है। पुलिस को सूचना मिली की फुंडा चौक पाटन में ट्रक और बाइक में टक्कर हो गई है। पुलिस की टीम को मौके पर भेजा गया। जानकारी लेने पर पता चला कि दुर्ग पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत अटल आवास बोरसी निवासी तीन युवक योगेश यादव पिता सूरज यादव (16 साल), सुमित यादव पिता रामकुमार यादव (17 साल) और चैतन्य बाघ पिता गणेश बाघ (16 साल) तीनो घटा रानी दर्शन और घूमने के लिए निकले थे। तीनों एक ही बाइक CG 07 BY 6993 में जा रहे थे। वो लोग बुधवार सुबह 7 बजे के करीब जैसे ही फुंडा चौक के पास पहुंचे सामने से आ रहे ट्रक CG 08 AE 6422 के ड्राइवर लोकेश कुमार हठीले पिता विशाल राम (35 साल) निवासी कलंकपुर थाना रनचिराई बालोद ने अपना संतुलन खो दिया। उसने बाइक को टक्कर मार दी। ट्रक ने बाइक को इतनी तेज टक्कर मारी की बाइक सवार तीन युवक दूर जा गिरे। इससे उनके हाथ पैर और सिर में चोट आई है। योगेश को काफी गहरी चोट आई थी। अधिक खून बह जाने से उसकी मौत हो गई है। वहीं दो अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ जारी है।

### अवैध वसूली करने वाले 2 फर्जी मीडियाकर्मी पुलिस गिरफ्त में

**बेरला (ए)।** फर्जी मीडियाकर्मी बनकर दुकानदार पर गांजा बेचने का आरोप लगाकर वसूली करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 384, 34 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी विवेक पाटले ने बताया कि 21 अगस्त को ग्राम खर्रा के सूरज साहू ने बेरला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सोमवार 21 अगस्त की दोपहर को प्रहलाद दुबे निवासी ग्राम अंजोर जिला दुर्ग और सरबर खान नाम का व्यक्ति अपने आप को पत्रकार बताकर गांजा बेचने का आरोप लगाते हुए पैसे की मांग की। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने सूरज साहू और ग्राम सरदा के शेषनारायण साहू से 12-12 हजार रुपए वसूल कर ले गए।

# शातिर चोर पकड़ाएः मोबाइल टावर में लगी बैटरी चुराता था गैंग, दिल्ली जाकर बेचने की थी तैयारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में मोबाइल टावर में लगी बैटरी चुराने वाला गैंग पुलिस के हत्थे चढ़ा है। पुलिस ने इस गिरोह के कुल 8 शातिर चोरों को पकड़ा। इनके पास से पुलिस ने 32 बैटरी व स्कॉर्पियो वाहन जब्त किया है। आरोपी इन बैटरियों को दिल्ली ले जाकर बेचने की तैयारी में थे लेकिन इससे पहले की पुलिस के हत्थे चढ़ गए। मंगलवार को पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।



कोंडागांव पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में लगातार मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी होने की शिकायतें मिल रही थी। मोबाइल टावर की बैटरी काफी एक्सपेंसिव होती है और इसकी अच्छी खासी कीमत भी मिलती है। इसी वजह से चोरों के निशाने में यह बैटरियां थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस लगातार ऐसे चोरों पर नजर रख रही थी। सोमवार को जांच के दौरान सरगीपाल पारा में दो स्कॉर्पियो वाहन रोके गए। जांच के दौरान उसमें मोबाइल टावर में इस्तेमाल होने वाली बैटरी मिली।

इसके बाद पुलिस ने स्कॉर्पियो चालकों से पूछताछ की तो पहले तो वे गोल मोल जवाब देने लगे लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर इन लोगों ने सारी सच्चाई बता दी। इन लोगों ने बताया कि वे व उनके साथी लंबे समय से मोबाइल टावर में लगी बैटरी चुराते रहे हैं। आरोपियो की निशानदेही पर पुलिस ने 32 बैटरियां बरामद की और इनके अन्य साथियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में मेरठ उत्तर प्रदेश के शेरखान, अक्षय खटिक, मनोज कुमार, मेहबूब अली, मो साहजान, अफजाल, निमे सिंह उर्फ विराट तथा कोंडागांव निवासी दिनेश देवांगन उर्फ दद्दू शामिल है।

#### इन क्षेत्रों से पार की थी मोबाइल टावर की बैटरी

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि इन लोगों ने अलग अलग क्षेत्रों में लगे मोबइल टावरों से बैटरियां चुराई हैं। आरोपियों ने बताया इन लोगों ने कोंडागांव के ग्राम माकड़ी, कुम्हारपारा, बालोद के गुंडरदेही, रनचिरई, अर्जुंदा, जिला बस्तर के भानपुरी इलाके के मोबाइल टावर में लगे कुल 32 बैटरियां चुराई। चोरी की बैटरियों को कोंडागांव में दिनेश देवांगन के घर पर रखे थे। आरोपियों का प्लान था कि सभी बैटरियों को दिल्ली जाकर बेचें। इसकी तैयारी कर रहे थे और इसबीच सभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

## प्रेमी संग भागी पत्नी तो सनकी पति ने ससुर की ले ली जान

### आधी रात घर में घुसकर किया हमला






श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में हत्याकांड का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां के स्थित बांदे थाना क्षेत्र में रहने वाले एक शख्स ने अपने सास-ससुर पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में ससुर की मौत हो गई और सास को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। दरअसल शख्स की पत्नी अपने प्रेमी के साथ के साथ चली गई तो युवक इस कदर गुस्सा हुआ कि उसने अपने सास-ससुर की जान लेने की नीयत से उन पर हमला कर दिया।

मामला कांकेर जिले के बांदे थाना क्षेत्र का है। पखांजुर क्षेत्र ने बांदे थानान्तर्गत पीवी 76 रहने वाले शोभा मंडल और सन्यासी मंडल पर दामाद दीपक छाबड़ा ने धारधार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में ससुर सन्यासी मंडल की मौत हो गई है। पुलिस आरोपी दामाद दीपक छाबड़ा के ऊपर मामला दर्ज कर खोजबीन कर रही है। एडिशनल एसपी प्रशांत शुक्ला ने बताया कि दीपक छाबड़ा की पत्नी किसी अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। इसके कारण वह काफी आवेश में था और उसने अपने सास-ससुर पर हमला कर दिया।

## बंगाल में हादसाः भिलाई के दो लोगों की मौत, बाबा धाम से लौट रहा था परिवार, ट्रक से भिड़ गई कार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पश्चिम बंगाल के झारग्राम में सोमवार की शाम को बड़ा सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में भिलाई निवासी दो लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में दिलीप परिसर कैलाश नगर निवासी महिला नमिता गुहा व बजरंग पारा भिलाई-3 निवासी विनय यादव शामिल हैं। बाबा धाम से वापस लौटते समय तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से ठोकर मार दी। इसके बाद कार सामने ट्रक से भिड़ गई। हादसे में मृतक महिला का पति व बच्चा घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सोमवार की देर शाम कैलाश नगर भिलाई और भिलाई-3 के बजरंग पारा में एक हादसे की खबर के बाद शोक की लहर छा गई। हादसे की यह खबर पश्चिम बंगाल से यहां पहुंची थी। खबर के अनुसार कैलाश नगर के दलीप परिसर में रहने वाले राहुल गुहा की पत्नी नमिता गुहा अब इस दुनिया में नहीं रही। मुंबई-हावड़ा नेशनल हाइवे पर खड़गपुर से 30 किमी दूर झारग्राम नामक जगह में बने चेक पोस्ट के पास सोमवार को शाम 5 बजे के आसपास एक बड़े सड़क हादसे में नमिता गुहा की मौत हो गई। इसी हादसे में बजरंग पारा भिलाई-3 निवासी विनय यादव ने भी दम तोड़ दिया है। जबकि नमिता के पति राहुल गुहा और उसकी बेटी देवस्मिता गुहा को घायलावस्था में वहां अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




#### बाबाधाम से लौट रहे थे सभी

कैलाश नगर निवासी राहुल गुहा अपनी पत्नी नमिता गुहा और बेटी देवस्मिता गुहा के साथ अपनी कार सीजी 07 सीएच 1199 में बाबा धाम रवाना हुआ था। बाबा धाम के बाद उनका रिश्तेदारी में कोलकाता जाकर वहां से भिलाई वापस आने का कार्यक्रम तय था। दूरी अधिक होने के चलते राहुल गुहा ने कार चलाने में मदद के लिए अपने परिचित बजरंग पारा भिलाई-3 निवासी विनय यादव को भी चलने को तैयार किया। विनय यादव के पास खुद की कार है और उसे वह बुकिंग में चलाकर परिवार का भरन पोषण करता था। राहुल के कहने पर विनय उसके साथ गया था। विनय का एक पुत्र और एक पुत्री है। खबर मिलते ही विनय के परिजन घटना स्थल रवाना हो गए हैं। वहां से वे शव को अंतिम संस्कार के लिए गृहग्राम बिहार लेकर जाएंगे।

## भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में शामिल हुए छात्र सड़क हादसे का शिकार, एक की मौत चार घायल

### चार-चार लाख की सहायता की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में शामिल होने आए पांच छात्र सड़क हादसे का शिकार हो गए। मंगलवार देर शाम अंबिकापुर-सूरजपुर मुख्यमार्ग में कालीघाट के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार तीन और दूसरे बाइक पर सवार दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छात्र के निधन पर शोक जताते हुए परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस दुखद घटना में मृत छात्र एवं आईसीयू में भर्ती छात्रों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। शेष दो छात्रों के समुचित इलाज के लिए सरगुजा जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है। साथ ही उन्होंने एक-एक लाख रुपये सहायता राशि देने की घोषणा की है।

अंबिकापुर में आयोजित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभागभर से छात्र-छात्राएं और युवा पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के बाद एक बाइक पर सवार होकर तीन छात्र अंबिकापुर-सूरजपुर मार्ग पर घूमने चले गए थे। वहीं, दो छात्र कार्यक्रम के बाद अंबिकापुर में साथियों से मिलने के बाद वापस विश्रामपुर की ओर देर शाम करीब 7 बजे लौट रहे थे।

गांधीनगर थाना क्षेत्र के कालीघाट के पास दोनों बाइकों की टक्कर हो गई। पांचों छात्र सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बाइक पर छात्र ही सवार थे, जिन्होंने दो घायलों को अस्पताल पहुंचाया। तीन अन्य छात्रों को संजीवनी एक्सप्रेस एवं डायल 112 की टीम ने घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया।


## न्यूज एंकर मर्डर केस में मिला कंकालः आरोपी ब्वॉयफ्रेंड की निशानदेही पर खुदाई, 5 साल पहले दफनाई थी लाश

**कोरबा (ए)।** कोरबा जिले में लापता न्यूज एंकर सलमा सुल्ताना की मर्डर मिस्ट्री लगभग सुलझ गई है। आरोपियों की निशानदेही पर एक नरकंकाल मंगलवार शाम को बरामद हो गया है। पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में कोरबा-दर्री मार्ग पर जेसीबी मशीन से खुदाई की गई। घंटों बाद चादर में लिपटा कंकाल मिला।

मौके पर चप्पल, बाल और पोटली भी बरामद हुई है। खुदाई करने वालों ने इसकी जानकारी पास ही मौजूद अधिकारियों को दी। फॉरेंसिक एक्सपर्ट को भी घटनास्थल पर बुलाया गया है। 6 दिन पहले ही इस मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। खुदाई के लिए सैटेलाइट इमेज, स्क्रीनिंग मशीन, थर्मल इमेजिंग और ग्राउंड पेनेट्रेशन रडार मशीन का भी सहारा लिया गया। इस जगह पर वर्तमान में नेशनल हाईवे बन चुका है।

5 साल पहले प्रेमी जिम ट्रेनर मधुर साहू ने गला घोंटकर सलमा की हत्या की थी, फिर दो सहयोगियों के साथ लाश को कोहड़िया के पास सड़क किनारे दफ्ना दिया था। इसी सड़क पर बाद में हाईवे भी बन गया। प्रेमी जोड़े के बीच लेनदेन का विवाद और चरित्र शंका हत्या की वजह बनी थी। 42 करोड़ रुपए खर्च कर कोरबा-दर्री फोरलेन सड़क का निर्माण बीते सालों में नगर पालिक निगम ने कराया था। इस मार्ग पर भवानी मंदिर के सामने सड़क को खोदने का काम 2 टीम कर रही थी। जिसका काम 2 दिन से चल रहा था। इस काम के लिए पुलिस ने स्थानीय कोर्ट में आवेदन दिया था। कोर्ट की अनुमति के बाद खुदाई शुरू की गई।

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने इसी जगह पर सलमा का शव दफ्नाए जाने की जानकारी पुलिस को दी थी। उसी जगह पर सड़क खुदाई का काम किया गया है। हालांकि इससे पहले भी पिछले महीने इसी मामले में प्राथमिक जानकारी हासिल होने पर पुलिस ने कोहड़िया इलाके में भी सड़क के किनारे खुदाई का काम किया था।



#### पार्टनर ने खोला हत्याकांड का राज

कई साल तक सलमा का किसी को पता नहीं चला तो मधुर साहू का एक राजदार भी ओवर कॉन्फिडेंस में आ गया था। उसने नशे में मधुर के पार्टनर के सामने सलमा हत्याकांड का राज खोल दिया था। मधुर और उसके पार्टनर का भी लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद पार्टनर ने मधुर को सबक सिखाने के लिए पुलिस के पास पहुंचकर हत्याकांड का राज खोल दिया। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक तब एक बैंक से सलमा के नाम से लोन होने और अब तक उसकी किस्त जमा होने का पता चला। पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई तो मधुर फरार हो गया। पुलिस ने उसके दोस्तों और परिचितों से बयान लिया। 5 वर्ष पहले का सीडीआर एनालिसिस किया, जिसमें अक्टूबर 2018 में शारदा विहार के एक मकान में मधुर साहू और सहयोगी ट्रेनर कौशल श्रीवास ने सलमा का गला घोंटकर हत्या करने और लाश को अतुल शर्मा की मदद से कोहड़िया पुल के आसपास दफनाने का पता चला। इसके बाद पुलिस ने कोहड़िया मार्ग पर फोरलेन के आसपास खुदाई शुरू की थी।

#### ये है पूरा मामला

25 साल की सलमा सुल्ताना कुसमुंडा के एसईसीएल कॉलोनी में रहती थी। वो धीरे-धीरे न्यूज के फील्ड में अपने पांव जमाने की कोशिश कर रही थी। उसका करियर तो परवान चढ़ ही रहा था, साथ ही जिम ट्रेनर मधुर साहू के साथ उसकी नजदीकियां भी। इसके बाद अचानक 2018 से वो लापता हो गई। यहां तक कि 20 जनवरी 2019 को जब उसके पिता की मौत हुई, तो उसमें भी वो शामिल नहीं हुई। युवती की स्कूटी स्टेशन पर मिली थी, वहीं उसका मोबाइल स्विच ऑफथा। उससे संपर्क करने की हर कोशिश नाकाम हो गई। इसके बाद परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। परिजन ने पुलिस अधिकारियों से खोजबीन की गुहार लगाते हुए जिम संचालक मधुर साहू पर संदेह जताया था, लेकिन पूछताछ में मधुर साहू पुलिस को गुमराह कर देता था। इस हत्याकांड को 5 साल हो चुके हैं।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026,
8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950